हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शनिवार, 8 फरवरी 2025 | अंक 117/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द • गठियावात • सन्धिशोध • सरवाइकल पेन

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# दिल्ली दंगल का विजेता कौन ?

## मोदी का मैजिक चला या केजरीवाल 'शो' बरकरार, कांग्रेस करेगी कमाल!

'भाजपा के लिए यह चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। लोकसभा चुनाव के बाद कई राज्यों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया और मोदी के नाम पर जीत दर्ज की, लेकिन दिल्ली में विधानसभा चुनाव का समीकरण हमेशा अलग रहा है।'

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्मा इस बार राजधानी में असर दिखा पाएगा या फिर आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की सियासी रणनीति एक बार फिर सफल होगी। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कामयाब होने के बारे में आज मतगणना के बाद खुलासा होगा। दरअसल बीते दो विधानसभा चुनावों में भाजपा मोदी लहर के बावजूद दिल्ली में सरकार बनाने में असफल रही थी, जबकि केजरीवाल का मैजिक चलता रहा और आम आदमी पार्टी ने भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की। दूसरी ओर, कांग्रेस इन चुनावों में लगातार हाशिए पर ही रही है।

भाजपा के लिए यह चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। लोकसभा चुनाव के बाद कई राज्यों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया और मोदी के नाम पर जीत दर्ज की, लेकिन दिल्ली में विधानसभा चुनाव का समीकरण हमेशा अलग रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर इस बार भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ता है, तो यह संकेत होगा कि मोदी की लोकप्रियता का असर राज्य स्तरीय चुनावों में सीमित हो सकता है। इसके विपरीत यदि भाजपा इस बार मजबूत प्रदर्शन करती है, तो यह संकेत होगा कि केंद्र सरकार की नीतियां और मोदी का करिश्मा अब दिल्ली की जनता को भी प्रभावित कर रहा है। दरअसल भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरूआत मोदी ने की थी और उन्होंने पांच सभा करके अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा था।




**इस बार दिल्ली को किस पर भरोसा ?**

अरविंद केजरीवाल ने पिछले दो चुनावों में भाजपा और कांग्रेस दोनों को शिकस्त दी थी और आप को दिल्ली में अभूतपूर्व सफलता मिली थी। उनके शासनकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य और मुफ्त सुविधाओं पर जोर दिया गया, जिसने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाए रखा। हालांकि, इस बार भाजपा ने आक्रामक प्रचार अभियान चलाया और केजरीवाल सरकार को घेरने की पूरी कोशिश की। खासकर आप सरकार में हुए भ्रष्टाचार और विभिन्न मामलों में सरकार की नामाकी और अनेक वादे पूरे नहीं करने के मुद्दों को उठाते हुए भाजपा ने मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या इस बार भी दिल्ली की जनता केजरीवाल की योजनाओं पर भरोसा जताती है या भाजपा के एजेंडे को स्वीकार करती है।

कांग्रेस ने पूरी ताकत से लड़ा चुनाव


दिल्ली की राजनीति में कभी मजबूत पकड़ रखने वाली कांग्रेस बीते दो चुनावों में पूरी तरह अप्रासंगिक हो गई थी। वर्ष 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी और पार्टी का वोट शेयर भी तेजी से गिरा था। हालांकि, इस बार कांग्रेस ने पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ा और राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने लगातार प्रचार किया। अगर कांग्रेस इस चुनाव में कुछ सीटें हासिल करने में सफल होती है तो यह उसके पुनरुत्थान की शुरुआत हो सकती है। लेकिन अगर पार्टी फिर से शून्य पर सिमट जाती है तो यह उसके लिए एक और बड़ा झटका होगा।विधानसभा चुनाव में इस बार की तस्वीर कुछ बदली-बदली सी नजर आई। पिछले चुनावों में जहां एकतरफा लहर देखने को मिलती थी, इस बार चुनावी रणभूमि में ऐसा कुछ साफ नजर नहीं आया। चुनाव प्रचार के दौरान किसी खास पार्टी या नेता की स्पष्ट लहर दिखाई नहीं दी, जिससे मुकाबला रोचक रहा। आम आदमी पार्टी पहली बार कुछ दबाव में नजर आई। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी, जो पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से सत्ता में आई थी, इस बार थोड़ी सतर्क और रक्षात्मक मुद्रा में दिखी।

### भाजपा का रुख रहा आक्रामक

भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने अपनी रणनीतियों में बदलाव किए और इस बार केजरीवाल को चुनौती देने की पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरे। भाजपा की बात करें तो इस बार भी पार्टी का रुख आक्रामक रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व अन्य नेताओं ने धुआंधार रैलियां कीं और प्रचार के जरिए दिल्ली की जनता को भाजपा के पक्ष में मोड़ने का प्रयास किया। दूसरी ओर, कांग्रेस इस बार पहले से अधिक सक्रिय नजर आई। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने खुद मोर्चा संभाला और लगातार रैलियां व जनसभाएं कीं। पार्टी का फोकस उन पारंपरिक वोट बैंक पर रहा, जो पिछले कुछ चुनावों में आप और भाजपा के बीच बंट गया था।

# महाराष्ट्र के चुनावी नतीजों में हुई गड़बड़ी : राहुल गांधी

## वोटर लिस्ट से अल्पसंख्यकों के काटे गए नाम



**नई दिल्ली.**

सदन में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारतीय चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी की गई है। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं और मतदान सूची में गड़बड़ी पाई गई है। हमारी टीमों ने इस पर काम किया है। इस पर हमें कई अनियमितताएं मिली हैं।

**वोटर लिस्ट से अल्पसंख्यकों के काटे गए वोट**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोटर लिस्ट से अल्पसंख्यकों के नाम काटे गए। महाराष्ट्र की 3 बड़ी पार्टियां चुनाव आयोग से वोटर लिस्ट मांग रही हैं। महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट तक हमें उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।'

**महाराष्ट्र में जुड़े 39 लाख नए मतदाता कौन?**

राहुल गांधी ने कहा, 'विधानसभा चुनाव 2019 और लोकसभा 2024 के बीच 5 साल में 32 लाख मतदाता जुड़े। लोकसभा 2024 और विधानसभा चुनाव के बीच 5 महीने की अवधि में 39 लाख मतदाता जुड़े। सवाल यह है कि ये 39 लाख मतदाता कौन हैं? यह हिमाचल प्रदेश के कुल मतदाताओं के बराबर है। दूसरा मुद्दा यह है कि महाराष्ट्र में राज्य की पूरी मतदाता आबादी से ज्यादा मतदाता क्यों हैं? किसी तरह, महाराष्ट्र में अचानक मतदाता बनाए गए हैं।'

### चुनाव आयोग की आई प्रतिक्रिया

**पूरे तथ्यों के साथ जवाब दिया जाएगा'**

चुनाव आयोग ने कहा कि वह महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या राज्य की कुल आबादी से अधिक होने के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर लिखित में पूरे तथ्यों के साथ जवाब देगा। राहुल द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाए जाने के तुरंत बाद निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) राजनीतिक दलों को प्राथमिकता वाले पक्षकारों के रूप में मानता है, निश्चित रूप से मतदाता सर्वोपरि हैं और राजनीतिक दलों से आने वाले विचारों, सुझावों, सवालों को बहुत महत्व देता है।''

### नरेटिव तय करने की प्रैक्टिस कर रहे राहुल गांधी : फडणवीस

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी दिल्ली चुनाव की हार को देखते हुए कवर फायरिंग कर रहे हैं। दिल्ली चुनाव के रिजल्ट के बाद उनकी पार्टी का राष्ट्रीय राजधानी में नामोनिशान समाप्त होने वाला है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी दिल्ली के चुनावी नतीजों के बाद 8 फरवरी को क्या बोलेंगे? किस प्रकार से नया नरेटिव तय करना है? इसकी प्रैक्टिस वो अभी से कर रहे हैं।

# पीएम मोदी 12 फरवरी से 2 दिवसीय दौरे पर जाएंगे अमेरिका

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी से अमेरिका की 2 दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। योजना के अनुसार पीएम मोदी पेरिस की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद वाशिंगटन डीसी जाएंगे। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बनने के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के कुछ ही सप्ताह के भीतर द्विपक्षीय यात्रा पर वाशिंगटन डीसी जाने वाले मोदी कुछ चुनिंदा विदेशी नेताओं में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, "अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।



# भारतीय सेना ने एलओसी पर 7 को किया ढेर

## > चोरी-छिपे भारत में घुसपैठ की कोशिश में थे पाकिस्तानी

**पुंछ.**

भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर के बॉर्डर वाले इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकियों को मार गिराया. यह घटना पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में हुई है. सेना ने 4-5 फरवरी की रात को नियंत्रण रेखा पर 7 घुसपैठिए को मार गिराया, जिसमें 2 से 3 पाकिस्तानी आर्मी भी शामिल थे.

घुसपैठिए पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम के साथ मिलकर भारतीय सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला करना चाहते थे. पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम इससे पहले भी भारतीय सेना पर छिपकर हमला कर चुकी है. यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि वह भारत के साथ कश्मीर समेत सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहते हैं.

**गृह मंत्री ने घुसपैठ को लेकर सख्ती के दिए थे निर्देश**

गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों से घुसपैठ और आतंकवादी कृत्यों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा था कि आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा. उन्होंने कहा था कि मादक पदार्थ तस्करी का नेटवर्क घुसपैठियों और आतंकवादियों को उनकी गतिविधियों को अंजाम देने में मदद कर रहा है.

इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य शीर्ष सैन्य, पुलिस और नागरिक अधिकारी शामिल थे.

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, दो महिला सहित 4 की मौत

**नादिया.**

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कल्याणी में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई. विस्फोट की वजह से जलने से लोगों की मौत हुई है. स्थानीय सूत्रों ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं. एक महिला की हालत गंभीर है. उनका कल्याणी स्थित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में इलाज चल रहा है. प्रारंभिक तौर पर बताया गया है कि सभी मृतक फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर थे.

शुक्रवार दोपहर को नादिया के कल्याणी के रथतला के घनी आबादी वाले इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना घटी. विस्फोट की तीव्रता से पूरी पटाखा फैक्ट्री जलकर खाक हो गई. आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है.

कल्याणी पुलिस स्टेशन और दमकल विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर मौजूद हैं. प्रारंभिक तौर पर पुलिस को संदेह है कि आतिशबाजी बनाते समय शॉर्ट सर्किट से आग लगी और इसके बाद विस्फोटहो गया.



**घनी बस्ती में पटाखा फैक्ट्री को लेकर उठे सवाल**

सूचना मिलने पर दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया. विस्फोट के कारण फैक्ट्री की दीवार ढह गई। यह पता लगाने के लिए बचाव अभियान चल रहा है कि कहीं कोई फंसा तो नहीं है. विस्फोट के वास्तविक कारण की जांच की जा रही है. राज्य में पटाखा फैक्ट्रियों को लेकर बार-बार सवाल उठते रहे हैं. ज्यादातर मामलों में आरोप यह लगे हैं कि पटाखा फैक्ट्रियां अवैध रूप से चल रही हैं.

# केस में हर रिश्तेदार को फंसाना गलतः सुप्रीम कोर्ट

## घरेलू हिंसा में पत्नी को बचाने के लिए आगे न आना अपराध नहीं

**नई दिल्ली.**

पति-पत्नी के झगड़े में पति के रिश्तेदारों को भी बेवजह पक्ष नहीं बनाया जा सकता. अगर घरेलू हिंसा के मामले में कोई रिश्तेदार दखल नहीं देता, तो यह उसे भी आपराधिक मुकदमे के आरोपी बना देने का आधार नहीं हो सकता.

तेलंगाना के एक मामले में पति की मौसी और उनकी बेटी को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पूरे मामले में उनकी कोई गलती नहीं थी. सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा है, 'पारिवारिक मुकदमों में सबका नाम शिकायत में शामिल कर देने की प्रवृत्ति गलत है. अगर शिकायतकर्ता के उत्पीड़न के दौरान कोई उसे बचाने का प्रयास नहीं करता, तो इसे आधार बना कर उसका नाम मुकदमे में जोड़ देना सही नहीं है.'

इससे पहले भुवनागिरि जिले के इस केस में तेलंगाना हाईकोर्ट ने पति की मौसी और मौसेरी बहन का नाम आरोपियों की सूची से हटाने से मना कर दिया था. दोनों को दहेज उत्पीड़न (IPC 498A) और धमकी (IPC 506) के मुकदमे का सामना करने के लिए कहा था, लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें राहत दे दी. कोर्ट ने कहा कि अगर कोई रिश्तेदार उत्पीड़न के दौरान निष्क्रिय बैठा रहता है, तो इससे यह नहीं कहा जा सकता कि उत्पीड़न में उसने भूमिका निभाई है. किसी को आरोपी बना कर मुकदमा चलाने के लिए मामले में उसकी स्पष्ट भूमिका होनी चाहिए." 2 जजों की बेंच की तरफ से आदेश देते हुए जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह ने यह भी कहा कि घरेलू हिंसा के मामलों को संवेदनशीलता के साथ देखा जाना चाहिए. अदालतों को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि अक्सर शिकायतकर्ता के लिए यह संभव नहीं हो पाता कि वह अपने आरोपों को साबित करने के लिए सबूत दे सके. फिर भी बिना किसी स्पष्ट भूमिका के हर किसी को आरोपी बना देना भी सही नहीं है.

# आरबीआय ने घटाया ब्याज...

## > होम लोन की ईएमआई होगी कम

**नई दिल्ली.**



सरकार ने बजट 2025 में मिडिल क्लास को टैक्स से जुड़े कई तोहफे दिए. जिसके बाद अब आरबीआय ने भी एक गुड न्यूज दी है. भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी 2025 को हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट में 0.25% (25 बेसिस पॉइंट) की कटौती करने का ऐलान किया. यह कटौती लगभग 5 साल बाद की गई है, जिससे होम लोन लेने वालों को राहत मिलेगी. इससे पहले मई 2020 में आखिरी बार रेपो रेट में कटौती हुई थी. इस फैसले के बाद अब बैंकों के होम लोन की ब्याज दरें घटाने की संभावना बढ़ गई है.

### क्या होता है रेपो रेट और ईएमआई पर इसका असर?

रेपो रेट वह ब्याज दर होती है, जिस पर आरबीआय बैंकों को कर्ज देता है. जब रेपो रेट घटता है, तो बैंकों के लिए कर्ज लेना सस्ता हो जाता है, जिससे वे अपने ग्राहकों को भी कम ब्याज दर पर लोन दे सकते हैं. इससे नए और मौजूदा लोन लेने वालों को फायदा होता है, क्योंकि उनकी ईएमआई कम हो सकती है या लोन का टेन्योर घट सकता है.

# नवी मुंबई में 200 करोड़ रुपये के ड्रग्स पकड़ा

## 'कूरियर सेवाओं के जरिए होती थी डिलीवरी'

**नई मुंबई.**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर से लगभग 200 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद किए हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एक ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से बड़ी मात्रा में कई प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किए गए हैं। शुक्रवार को एक अधिकारी ने पूरे ड्रग सिंडिकेट का खुलासा किया। एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के एक अधिकारी के अनुसार, विदेश में रहने वाले लोगों का एक समूह सिंडिकेट चला रहा है और जब्त की गई कुछ दवाएं कूरियर या छोटी कार्गो सेवाओं और मानव वाहकों के माध्यम से अमेरिका से मंगाई गई थीं।

अधिकारी ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया भेजे जाने वाले एक पार्सल से 200 ग्राम कोकीन जब्त की और नवी मुंबई में ड्रग के स्रोत का पता लगाकर सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गिरोह के सदस्य अपनी रोजमर्रा की बातचीत में नशीली दवाओं के कारोबार के लिए छद्म नामों का इस्तेमाल करते थे। अधिकारी ने बताया कि गिरोह के आगे-पीछे के संबंधों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया से भारत तक फैले इस ड्रग्स रैकेट में अब तक चार गिरफ्तारियां हुई हैं।



चार तस्कर पकड़ाए

अधिकारी ने कहा कि एनसीबी ने पिछले हफ्ते नवी मुंबई से लगभग 200 करोड़ रुपये मूल्य की 11. 54 किलोग्राम "बहुत उच्च गुणवत्ता वाली" कोकीन, हाइड्रोपोनिक खरपतवार और 200 पैकेट (5. 5 किलोग्राम) भांग की गमियां जब्त कीं। इस बरामदगी के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 11.540 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला कोकीन, 4.9 किलोग्राम हाईब्रिड स्ट्रेन हाइड्रोपोनिक , 200 पैकेट (5.5 किलोग्राम) कैनबिस गमियां जब्त किया गया है।

एनसीबी की यह जांच मुंबई में एक अंतरराष्ट्रीय कूरियर एजेंसी से बरामद हुए एक पार्सल से शुरू हुई थी, जिसे ऑस्ट्रेलिया भेजा जाना था। एसीपी ने बड़ी मात्रा में होने वाली सप्लाई को नवी मुंबई में ट्रैक किया। जांच के दौरान यह भी पता चला कि इस सिंडिकेट से जुड़े हुए लोग विदेश में बैठे हुए हैं। इस गिरोह में शामिल लोग एक दूसरे को नहीं जानते। फिलहाल एक तरफ जहां चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं इस केस से जुड़े हुए अन्य जानकारी पर जांच एजेंसी द्वारा काम किया जा रहा है।

# अमेरिकी विमान हो गया लापता

**उनालाक्लीट.** अमेरिका में एक बेरिंग एयर फ्लाइट गुरुवार दोपहर अलास्का के नोम के पास से अचालक लापता हो गई। इस प्लेन में 10 लोग सवार थे। खतरनाक सर्दियों के मौसम में लापता हुए विमान की खोज शुरू कर दी गई है। लापता विमान सेसना 208B ग्रैंड कारवां था। टीमें विमान के आखिरी लोकेशन का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। अलास्का के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, बेरिंग एयर कारवां 9 यात्रियों और एक पायलट के साथ उनालाक्लीट से नोम के रास्ते में था। लगभग 4 बजे विमान के लापता होने की सूचना मिली थी। विभाग ने बताया है कि वह नोम और व्हाइट माउंटेन में स्थानीय लोगों की मदद से विमान की तलाश के काम में जुटे हैं। उनालाक्लीट पश्चिमी अलास्का में है, जो नोम से लगभग 150 मील (लगभग 240 किलोमीटर) दक्षिण-पूर्व और एंकोरेज से 395 मील (लगभग 640 किलोमीटर) उत्तर-पश्चिम में है।

# पश्चिम बंगाल विकास और अवसर का केंद्र

## > 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला

**कोलकाता.**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि उनका राज्य वृद्धि और अवसर के केंद्र के रूप में उभरा है। यहां 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।

टीएमसी की बंगाल सरकार के आठवें व्यापार शिखर सम्मेलन के समापन के अगले दिन ममता बनर्जी ने यह दावा किया। उन्होंने कहा कि दो दिन के बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन -2025 में 4,40,595 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के साथ 212 समझौता ज्ञापन और आशय पत्र प्राप्त हुए।

ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "कल, जब मैं बंगाल वैश्विक व्यापार सम्मेलन में खड़ी थी तब नीति-निर्माताओं, कॉरपोरेट दिग्गजों, उद्यमियों और वैश्विक दूरदर्शी लोगों से घिरी हुई थी। उस समय मैंने अपनी आंखों के सामने एक सपना साकार होते देखा।" उन्होंने कहा, "राज्य में 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है और बंगाल वृद्धि और अवसरों का केंद्र बनकर उभरा है। मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस साल के बीजीबीएस में 212 एमओयू और आशय पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें कुल 4,40,595 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं।"



### गोपाल कृष्ण गोखले को किया याद

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2011 में पदभार संभालने के बाद उन्होंने बंगाल को समृद्धि के भविष्य की ओर ले जाने की शपथ ली थी। समाज सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले के शब्दों को याद करते हुए बनर्जी ने पोस्ट में कहा, "मेरा मिशन स्पष्ट था: ऐसा बंगाल बनाना जहां हर निवासी गर्व से कह सके कि 'बंगाल जो आज सोचता है, भारत कल सोचेगा।" उन्होंने कहा कि बीरभूम के देवचा पचामी में कोयला निकासी प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिससे विशाल भंडार प्राप्त होगा जो बंगाल के औद्योगिक भविष्य को बढ़ावा देगा।

# वैलेंटाइंस वीक पर महंगा हुआ गुलाब

**नई दिल्ली.**

वैलेंटाइन वीक की शुरुआत रोज डे से हो चुकी है. पहले दिन कपल एक-दूसरे को गुलाब के फूल देकर अपने प्यार का इजहार करते हैं. गुलाब के जरिए अपनी भावनाओं को भी शेयर किया जाता है. हर रंग के गुलाब का अपना अलग महत्व है. वैलेंटाइन वीक में गुलाबों की डिमांड और कीमत दोनों में इजाफा देखने को मिलता है. आइए जानते हैं भोपाल के फूलों का दुकान का क्या हाल है? फ्लोरिस्टों का इस साल के ट्रेंड पर क्या कहना है?

वहीं इनके सहयोगी बताते अक्षय सैनी बताते हैं कि इस बार ट्रेंड में केवल सिंगल फूल या कलियों ही नहीं हैं बल्कि गुलाबों के बुके व कस्टमाइज्ड बंच भी डिमांड में हैं. कपल्स की मांग है कि उनके पार्टनर के हिसाब से पसंदीदा चॉकलेट व छोटे टैडी भी बुके में लगाकर दिए जाएं. बड्स यानी कलियों का चलन अपनी जगह है, लेकिन ये नया ट्रेड भी खूब भा रहा है. कलर्स की बात करें तो हम सबसे ज्यादा लाल गुलाब लेकर आएं है. इसके अलावा पिंक, सफेद व पीले गुलाबों की मांग भी है.



भोपाल के पॉश इलाके अरेरा कॉलोनी और 10 नंबर मार्केट के पास फूलों की दुकान चलाने वाले नरेंद्र प्रजापति का कहना है कि "पिछले कुछ वर्षों से जैसे-जैसे इवेंट कंपनियां हावी हो रही हैं, वैसे-वैसे हमारे काम प्रभावित हो रहे हैं. ये इवेंट कंपनियां पूरे काम का ठेका ले लेती हैं. बल्क में ऑर्डर मार्केट से उठा लेती हैं. ऐसे में हम जैसे दुकानदार बैठे रह जाते हैं. ये कंपनियां हमारा धंधा बिगाड़ रही हैं. हमारे पास ज्यादा पूंजी नहीं रहती है. न ही हम इसको ज्यादा दिनों तक स्टोर कर सकते हैं."

### 4 गुना तक कीमतों में उछाल

राजधानी के अभिषेक फ्लोरिस्ट के मालिक बताते हैं कि इस बार फूलों की कीमतों में काफी उछाल है. क्वालिटी और साइज के अनुसार 50-60 रुपए तक भाव पहुंच गया है. जैसे-जैसे मार्केट में खपत होगी फूलों की कीमतों में भी अंतर दिखेगा.

# महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी बुकिंग 14 फरवरी से शुरू

**मुंबई.**

महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी अपनी विश्वस्तरीय खूबियों के साथ एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रही हैं, जो भारत के लिये गौरव का क्षण बन गया है। ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, महिंद्रा ने सभी वेरिएंट्स की बुकिंग 14 फरवरी से खोलने की घोषणा की है। मांग को पूरा करने के लिए एक संरचित उत्पादन विस्तार योजना लागू की जा रही है, जिसमें प्रत्येक वेरिएंट की डिलीवरी समय-सीमा साझा की गई है।वाहन एक्स-शोरूम कीमतें एवं डिलीवरी का समयवेरिएंट बैटरी पैक BE 6 (कीमत)*XEV 9e (कीमत)*डिलीवरी शुरू पैक वन 59 kWh₹18.90 लाख₹21.90 लाखअगस्त 2025 पैक वन अबोव




59 kWh₹20.50 लाख N/Aअगस्त 2025 पैक टू 59 kWh₹21.90 लाख ₹24.90 लाख जुलाई 2025 पैक थ्री सेलेक्ट 59 kWh ₹24.50 लाख ₹27.90 लाख जून 2025 पैक थ्री 79 kWh ₹26.90 लाख ₹30.50 लाख मध्य मार्च 2025 कीमतों में चार्जर और इंस्टॉलेशन लागत शामिल नहीं है। ग्राहक अतिरिक्त ₹50,000 (7.2 kW चार्जर) या ₹75,000 (11.2 kW चार्जर) में इसे खरीद सकते हैं। संस्थागत ऑर्डर (2 या अधिक वाहनों के लिए) के लिए चार्जर वैकल्पिक होंगे। सभी 9 वेरिएंट्स के लिए डिलीवरी के समय की कीमतें लागू होंगी।

# अब बैंकिंग धोखाधड़ी पर लगेगी लगाम

**नई दिल्ली.**



भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बड़ा कदम उठाया है. बैंकिंग धोखाधड़ी को रोकने के लिए आरबीआई ने शानदार प्लान बनाया है. 7 फरवरी को आरबीआई ने घोषणा की कि भारतीय बैंकों के लिए एक विशेष इंटरनेट डोमेन 'फिन.इन 'और गैर-बैंक वित्तीय संस्थाओं के लिए 'फिन.इन'होगा.आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि 'बैंक.इन' के लिए रजिस्ट्रेशन अप्रैल 2025 से शुरू होगा.उसके बाद 'फिन.इन' को भी लागू किया जाएगा. पिछले कुछ सालों में डिजिटल पेमेंट में धोखाधड़ी की घटनाएं काफी बढ़ी हैं.

इस कदम से साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी को कम करने में मदद मिलेगी. इससे डिजिटल बैंकिंग और पेमेंट सर्विसेज में भरोसा बढ़ेगा. इंस्टिट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी को इस डोमेन का विशेष रजिस्ट्रार नियुक्त किया जाएगा. इसके अलावा आरबीआई ने क्रॉस-बॉर्डर 'कार्ड नॉट प्रेजेंट' ट्रांजेक्शन के लिए भी निर्णय लिया है.

यह सुरक्षा व्यवस्था अब केवल घरेलू ट्रांजेक्शन के लिए अनिवार्य है. जल्द ही इसे अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में भी लागू किया जाएगा. आरबीआई जल्द ही इस संबंध में एक सर्कुलर जारी करेगा. इस कदम से डिजिटल पेमेंट में धोखाधड़ी की घटनाएं को कम किया जा सकेगा. पिछले कुछ सालों में धोखाधड़ी की घटनाएं काफी बढ़ी हैं. ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि आरबीआई कि तरफ से और भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाए.

आरबीआई ने घोषणा की कि भारतीय बैंकों के लिए एक विशेष इंटरनेट डोमेन 'फिन.इन' और गैर-बैंक वित्तीय संस्थाओं के लिए 'फिन.इन' होगा. आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि 'फिन.इन' के लिए रजिस्ट्रेशन अप्रैल 2025 से शुरू होगा. इंस्टिट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी को इस डोमेन का विशेष रजिस्ट्रार नियुक्त किया जाएगा. आरबीआई ने घोषणा कर इस बात कि जानकारी दी है.

# मेक माई ट्रिप ने 'लव्ड बाय डिवोटिज' किया लॉन्च

**गुरुग्राम.**

भारत में आध्यात्मिक स्थलों के प्रति यात्रियों की बढ़ती रुचि को देखते हुए, मेक माई ट्रिप ने 26 प्रमुख तीर्थ स्थलों पर 450+ चयनित होटलों और होमस्टे का संग्रह पेश किया है। इस संग्रह का नाम 'लव्ड बाय डिवोटिज' रखा गया है, जो तीर्थयात्रियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह पहल यात्रियों को उनकी यात्रा की योजना बनाते समय सही ठहराव चुनने में मदद करेगी, जिससे उनकी यात्रा अनुभव को सरल और आरामदायक बनाया जा सके।

मेक माई ट्रिप के डेटा के अनुसार, 2024 में आध्यात्मिक स्थलों की खोजों में 46% की बढ़ोतरी हुई है। तीर्थयात्रा स्थलों ने अब आर्थिक वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में प्लेटफॉर्म की कुल रूम नाइट बुकिंग का 10% से अधिक हिस्सा लिया है।

इसके अलावा, इन यात्राओं में परिवारों की भागीदारी बढ़ी है, जिसमें बुजुर्ग सदस्य अधिक प्रतिशत में होते हैं, जिससे यात्रा में विशिष्ट सुविधाओं की आवश्यकता होती है।'लव्ड बाय डिवोटिज' फीचर का मूल्यांकन छह प्रमुख मानदंडों पर किया जाता है: पूजा स्थल के पास की दूरी, परिवहन बिंदुओं तक पहुंच, शाकाहारी रेस्टोरेंट्स की उपलब्धता, पार्किंग, ट्रैवल डेस्क सहायता, और बुजुर्गों के अनुकूल सुविधाएं जैसे व्हीलचेयर सहायता, डॉक्टर-ऑन-कॉल, लिफ्ट्स और फर्स्ट-एड किट्स। केवल उन आवासों को शामिल किया जाता है जिनकी मेक माई ट्रिप पर उपयोगकर्ता रेटिंग 3.5 या उससे अधिक है, जिससे गुणवत्ता और विश्वसनीयता की गारंटी मिलती है। होटल और होमस्टे की इस नई सूची का उद्देश्य आध्यात्मिक यात्रा के अनुभव को और भी सहज बनाना है, ताकि भक्त अपने विश्वास और अनुभव पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर सकें। मेक माई ट्रिप की इस पहल से यात्रियों को अपने आराम, पहुंच और विशेष जरूरतों के अनुसार उपयुक्त ठहराव चुनने में मदद मिलेगी।

# सरकार ने 8वें वेतन आयोग को दी मंजूरी

**नई दिल्ली.**



सरकार ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है. जोकि जनवरी 2026 से लागू होगा. क्योंकि मौजूदा यानी 7वां वेतन आयोग 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है. हालांकि, सरकार 8वें वेतन आयोग में कौन सी सिफारिशें लागू करेगी, कितना फिटमेंट फैक्टर लागू होगा. इसको लेकर के अभी कोई बयान नहीं दिया है. कर्मचारी संगठन 2.86 फिटमेंट लागू करने की सिफारिश कर रहा है. अगर ऐसा होता है, तो कर्मचारियों की सैलरी के साथ-साथ उनकी पेंशन में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी. इसी बीच ऐसी खबरें आ रही हैं कि जेसीएम ने केंद्रीय कर्मचारियों के पे स्केल में बदलाव करने के सुझाव दिए हैं. आइए समझते हैं कि अगर ऐसा होता है, तो किसे क्या फायदा होगा.

कर्मचारियों की मांग को आगे बढ़ाने के लिए और उनकी वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए एनसी-जेएमसी स्टाफ साइड ने सरकार के सामने कुछ सुझाव पेश किए हैं, जिसमें पहला तो फिटमेंट फैक्टर 2.86 लागू करने का है और दूसरा पे स्केल के मर्जर का है. एनसी-जेएमसी स्टाफ साइड के सचिव शिव गोपाल मिश्र की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के पे स्केल को 1 से 6 तक एक मिलाने की सिफारिश की है.अभी तक 18 पे स्केल हैं.स्टॉफ साइड की ओर से दिए गए सुझावों में सबसे अहम सुझाव पे स्केल को मर्ज करने का है, जिसके मुताबिक, सरकार लेवल 1 के साथ लेवल 2, लेवल 3 के साथ लेवल 4 और लेवल 5 और लेवल 6 को मर्ज कर सकती है. अगर सरकार लेवल 1 से लेकर लेवल 6 तक लेवल को मर्ज करेगी, तो इसका फायदा कम लेवल वाले को ज्यादा होगा. आइए समझाते हैं. जैसे अभी लेवल 1 पर कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 18,000 रुपये और लेवल 2 पर जो केंद्रीय कर्मचारी हैं, उनकी सैलरी 19,900 रुपये है. अगर इन दोनों को मर्ज किया जाता है और फिटमेंट फैक्टर 2.86 लागू होता है, तो इनकी तनख्वाह 51,480 हो जाएगी, जिससे लेवल 1 वाले को फायदा होगा. वहीं, लेवल 3 और लेवल 4 को मर्ज करने करने पर सैलरी 72,930 रुपये हो जाएगी और लेवल 5 और लेवल 6 को मर्ज करने पर 2.86 फिटमेंट के साथ बेसिक सैलरी 1,01, 244 रुपये हो जाएगी.

# 15 लाख के कार लोन पर कितनी घटेगी ईएमआई

**नई दिल्ली.**

फरवरी का महीना आम लोगों के डबल सौगात लेकर आया है. जहां पहले देश की वित्त मंत्री ने बजट के दिन 12 लाख तक की सालाना कमाई को टैक्स फ्री कर दिया था. अब देश के आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ब्याज दरों में कटौती कर देश के करोड़ों लोगों की लोन ईएमआई राहत दे दी है. आरबीआई गवर्नर ने जानकारी देते हुए कहा कि रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की गई है. जिसके बाद रेपो रेट 6.50 फीसदी से कम होकर 6.25 फीसदी पर आ गए हैं. रेपो रेट में कटौती का असर कार लोन लेने वालों को भी राहत देता हुआ दिखाई देगा. जिन लोगों ने कार लोन लिया हुआ है, उनकी ब्याज दरों में कमी आएगी और लोन ईएमआई घट जाएगी. अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि आखिर कार लोन ईएमआई लेने वालों को कितनी राहत मिलेगी. इसे एक कैलकुलेशन से समझने की कोशिश करते हैं. कार लोन की ईएमआई कितनी कम होगी, इसके लिए हमने एसबीआई के कार लोन



ईएमआई कैलकुलेटर का इस्तेमाल किया है. लोन के 3 अमाउंट 10 लाख, 12 लाख और 15 लाख का लोन लेने वालों को कितनी राहत मिलेगी जानकारी दी जाएगी. मौजूदा समय में एसबीआई की कार लोन की ब्याज दरें 10.15 फीसदी हैं. जो 0.25 फीसदी कम होकर 9.90 फीसदी रह जाएंगी. अगर आपने 10 लाख रुपए कार लोन लिया हुआ है. मौजूदा समय में 7 साल के लोन पर 10.15 फीसदी ब्याज के हिसाब से आपकी लोन ईएमआई 16,679 रुपए होगी. अब जब ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती हुई है, जो ब्याज दरें कम होकर 9.90 फीसदी पर आ जाएंगी. जिसके बाद आपकी लोन ईएमआई 16,550 रुपए पर आ जाएगी. इसका मतलब है कि आपको कार लोन पर हर महीने 129 रुपए की राहत मिलेगी. अब लोन की वैल्यू को बढ़ाते हुए 12 लाख रुपए करें तो मौजूदा समय में 7 साल के लोन पर 10.15 फीसदी ब्याज के हिसाब से आपकी लोन ईएमआई 20,015 रुपए होगी. 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती के बाद एसबीआई की ब्याज दर 9.90 फीसदी होने का अनुमान है. ऐसे में आपकी कार लोन ईएमआई 19,859 रुपए पर आ जाएगी. यानी आम लोगों को इस रकम की ईएमआई पर 156 रुपए की राहत मिलेगी.

# ईपीएफओ ने प्रॉविडेंट फंड क्लेम में बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली.**

प्रॉविडेंट फंड क्लेम सेटलमेंट के मामले में ईपीएफओ ने इतिहास रच दिया है. वित्त वर्ष 2024-25 में एम्पलॉय प्राविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन ने 5 करोड़ से ज्यादा क्लेम सेटल किए हैं जो कि एक रिकॉर्ड है. श्रम एंव रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने ये जानकारी दी है.केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि एम्पलॉय प्राविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन ने ऐतिहासिक माइलस्टोन को हासिल करते हुए पहली बार 5 करोड़ से ज्यादा क्लेम सेटल किया है. वित्त वर्ष 2024-25 में ईपीएफओ ने 2,05,932.49 करोड़ रुपये के 5.08 करोड़ क्लेम सेटल किए हैं जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में



1,82,838.28 करोड़ रुपये के 4.45 करोड़ सेटलमेंट से कहीं ज्यादा है. श्रम मंत्री ने कहा, ईपीएफओ की ओर से ये उपलब्धि क्लेम सेटलमेंट प्रोसेस और शिकायतों को निपटाने की दिशा में उठाये गए परिवर्तनकारी सुधारों वाले कदमों के चलते हो पाया है. मनसुख मंडाविया ने कहा, हमने ऑटो सेटलमेंट क्लेम की सीमा और कैटगरी में बढ़ोतरी, मेंबर के प्रोफाइल में बदलाव का सरलीकरण, प्राविडेंट फंड ट्रांसफर की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और केवाईसी अनुपालन अनुपात में सुधार जैसे कदम उठाये हैं. इन रिफॉर्म्स के चलते ईपीएफओ की दक्षता में काफी सुधार आया है.

# गैलेक्सी एस25: सैमसंग का सबसे बेहतरीन स्मार्टफोन

**नई दिल्ली.**

कंपनी के अध्यक्ष और मोबाइल एक्सपीरियंस डिवीजन के हेड टीएम रोह ने कहा कि गैलेक्सी एस25 सैमसंग का अब तक का सबसे अच्छा तैयार प्रोडक्ट है। उन्होंने आगे कहा, "गैलेक्सी एस25 सबसे पतला और सबसे टिकाऊ स्मार्टफोन है, जो बेजोड़ कैमरा और बैटरी हार्डवेयर के साथ आता है। ये गैलेक्सी के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला कस्टमाइज्ड प्रोसेसर भी दिया गया। हमारी एस सीरीज के पहले से ही बेहतरीन कैमरे को गैलेक्सी एआई के साथ और भी बेहतर बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप एआई-संचालित इमेज क्वालिटी और इमेज एडिटिंग सुविधाएं मिलती हैं। रोह ने कहा कि भारतीय उपभोक्ता अनूठी सुविधाओं के प्रति काफी ज्यादा उत्सुक रहते हैं, और भारत में एआई फीचर्स का इस्तेमाल ग्लोबल औसत से अधिक है। यही कारण है कि गैलेक्सी एस25 में नए एआई फीचर्स को शुरू से ही हिंदी भाषा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकसित किया गया है। रोह ने कहा "गैलेक्सी एस25 में, गूगल जेमिनी लाइव कोरियाई, अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए, हम गैलेक्सी एस25 जेमिनी लाइव के लिए



इन तीन भाषाओं से शुरुआत कर रहे हैं, और फिर हम अन्य भाषाओं में भी इसका विस्तार करेंगे। इसलिए एक बार फिर, आप हमारे लिए भारतीय बाजार के महत्व को समझ सकते हैं". रोह ने आगे कहा कि सैमसंग नॉक्स वॉल्ट के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी और सुरक्षित और विश्वसनीय एआई उपयोग के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा प्रदान करता है, ताकि उपभोक्ताओं को अपनी गोपनीयता के बारे में चिंता न करनी पड़े। उन्होंने आगे कहा, "हम डिवाइस और क्लाउड दोनों पर एआई डेटा-संचालित इस्तेमाल के लिए गोपनीयता सुरक्षा प्रदान करते हैं, और उपयोगकर्ताओं को इसमें शामिल होने या इससे बाहर रहने का विकल्प भी देते हैं। रोह ने यह भी कहा कि गैलेक्सी एआई के विकास और बिक्री दोनों के लिए भारत सैमसंग के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण देश है और यह हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। सैमसंग ने हाल ही में घोषणा की है कि उपभोक्ता भारत में गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 को प्री-ऑर्डर कर सकते हैं। गैलेक्सी एस25 सीरीज़ की कीमत 80,999 रुपये से शुरू होती है और 12 जीबी रैम और 1 टीबी मेमोरी के साथ आने वाले टॉप अल्ट्रा मॉडल के लिए कीमत 1.65 लाख रुपये तक जाती है। कंपनी ने कहा कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा को प्री-ऑर्डर करने वाले उपभोक्ता 21,000 रुपये तक के लाभ पा सकते हैं। भारत में बिकने वाले गैलेक्सी एस25 सीरीज के स्मार्टफोन का निर्माण सैमसंग की नोएडा स्थित स्मार्टफोन फैक्ट्री में किया जा रहा है।

# 'डीपसिक' को बैन करने की तैयारी

## >यूज करने वालों पर लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली.**

ऑस्ट्रेलिया और इटली के बाद अमेरिका भी 'डीपसिक' पर पाबंदी लगाने पर विचार कर रहा है. अगर कोई इसे यूज करते हुए पाया जाएगा तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है और उसे जेल भी जाना पड़ सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई अमेरिकी सीनेटर सरकारी डिवाइसेस में इस चीनी AI चैटबॉट पर पाबंदी लगाने वाला कानून लाने की कोशिश कर रहे हैं. बता दें कि 'डीपसिक' एक चीनी स्टार्टअप है, जिसने सस्ती लागत में AI मॉडल बनाकर तहलका मचा दिया है.यह कानून बनने के बाद अगर कोई 'डीपसिक' का यूज करते हुए पाया जाएगा तो उस पर लगभग 6.5 करोड़ रुपये तक के जुर्मानि का प्रावधान होगा. इसके अलावा उन्हें 20 साल तक की सजा हो सकती है. कानून में इसे सरकारी डिवाइसेस के अलावा अन्य जगहों पर भी बैन किया जा सकता है. अगर कोई कंपनी इसका इस्तेमाल करते हुए पाई जाती है तो उस 60 करोड़ रुपये से अधिक तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया जा सकता है.




### इन देशों में लगा बैन

ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में 'डीपसिक' AI को सभी सरकारी सिस्टम और डिवाइसेस से हटाने का आदेश दिया है. राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों की जांच में यह पाया गया कि 'डीपसिक' का AI चैटबॉट सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है. इसी तरह इटली ने 'डीपसिक' के डेटा सुरक्षा मानकों पर सवाल उठाते हुए इसकी सेवाओं को ब्लॉक कर दिया है. भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने भी एक आदेश जारी कर सरकारी उपकरणों पर ChatGPT और 'डीपसिक' जैसे AI टूल्स के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है.

दरअसल,'डीपसिक' पर कई गंभीर आरोप लगे हैं. कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि यह ऐप यूजर्स डेटा चीन भेज रही है. इसके अलावा इसकी कोडिंग में ऐसी प्रोग्रामिंग की गई है, जो यूजर्स की संवेदनशील जानकारी चीनी सरकार के नियंत्रण वाली कंपनी के पास भेज रही है. अमेरिका भी चीन के साथ डेटा शेयर करने को लेकर इस ऐप पर बैन लगाने की तैयारी कर रहा है.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

निकाल | महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र सह्याद्री | राजलक्ष्मी विकली लॉटरी | सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 06 • तिकिट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 07/02/2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SR-09 : 1274 | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1560 | रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 5056 | 5124 | 5687 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1133 | 1819 | 2802 | 4194 | 4944 |
| 1154 | 1955 | 2824 | 4236 | 5064 |
| 1168 | 1987 | 2943 | 4352 | 5412 |
| 1515 | 1989 | 2957 | 4475 | 5500 |
| 1552 | 2472 | 3449 | 4603 | 5570 |
| 1568 | 2542 | 3693 | 4604 | 5588 |
| 1671 | 2621 | 3795 | 4745 | 5750 |
| 1686 | 2761 | 3952 | 4810 | 5958 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत | तिकिट किंमत रु.50/- | सोडत दिनांक 11-02-2025
जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे) | दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे) | सातवे बक्षिस रु. 12 लाख (रु. 150 ची x 8000 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री राजलक्ष्मी विकली लॉटरी | सोडत दिनांक 07/02/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल | महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र गजलक्ष्मी | शुक्र विकली लॉटरी | सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 06 • तिकिट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 07/02/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 3545 | 3963 | 5397 श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई | 8437 | 5553 श्री गुरुदेव दत्त लॉटरी एजन्सी - पुणे |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 3699 | 7285 | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0773 | 2038 | 5570 पवार लॉटरी - ठाणे | 6345 जलाराम लॉटरी, अकोला | 9594 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0099 | 3089 | 3365 | 3658 | 3867 | 4085 | 5542 | 6610 | 8088 | 8879 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0220 | 0596 | 3061 | 3238 | 3622 | 3774 | 7610 | 7631 | 8188 | 8254 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| सहावे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1135 | 1936 | 2429 | 3336 | 4451 | 5588 | 6720 | 7578 | 8187 | 9011 |
| | 1170 | 1939 | 2482 | 3353 | 4454 | 5671 | 6757 | 7590 | 8213 | 9195 |
| 0021 | 1222 | 1966 | 2625 | 3359 | 4465 | 5703 | 6759 | 7688 | 8231 | 9236 |
| 0140 | 1290 | 1978 | 2663 | 3393 | 4479 | 5747 | 6760 | 7717 | 8256 | 9278 |
| 0294 | 1365 | 2014 | 2710 | 3432 | 4499 | 5755 | 6762 | 7749 | 8274 | 9305 |
| 0544 | 1367 | 2022 | 2765 | 3485 | 4582 | 5855 | 6826 | 7787 | 8310 | 9391 |
| 0694 | 1443 | 2054 | 2832 | 3602 | 4644 | 5925 | 6911 | 7834 | 8417 | 9395 |
| 0710 | 1527 | 2101 | 2862 | 3630 | 4873 | 5956 | 6979 | 7848 | 8485 | 9397 |
| 0719 | 1528 | 2182 | 2922 | 3900 | 4891 | 5965 | 6994 | 7881 | 8508 | 9469 |
| 0806 | 1543 | 2192 | 2924 | 3931 | 4923 | 6019 | 7075 | 7910 | 8725 | 9510 |
| 0878 | 1562 | 2223 | 2942 | 3936 | 5055 | 6217 | 7105 | 7981 | 8791 | 9693 |
| 0913 | 1683 | 2234 | 2952 | 3943 | 5132 | 6307 | 7106 | 7997 | 8804 | 9783 |
| 0982 | 1718 | 2252 | 2963 | 4041 | 5193 | 6332 | 7128 | 8004 | 8812 | 9792 |
| 1046 | 1722 | 2261 | 2972 | 4046 | 5258 | 6355 | 7174 | 8020 | 8821 | 9937 |
| 1074 | 1794 | 2285 | 2995 | 4124 | 5354 | 6501 | 7197 | 8021 | 8828 | 9949 |
| 1076 | 1804 | 2289 | 3035 | 4235 | 5422 | 6640 | 7292 | 8091 | 8851 | 9968 |
| 1081 | 1819 | 2350 | 3175 | 4368 | 5430 | 6660 | 7293 | 8100 | 8908 | 9982 |
| 1098 | 1915 | 2371 | 3283 | 4413 | 5552 | 6703 | 7391 | 8162 | 8911 | 9984 |
| 1111 | 1916 | 2387 | 3324 | 4442 | 5581 | 6704 | 7514 | 8173 | 8951 | 9995 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत | सोडत दिनांक 25/02/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. | दुसरे बक्षिस ₹ 2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) | तिकिट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी | सोडत दिनांक 07/02/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

# उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को लेकर बढ़ी असमंजस की स्थिति

> राजनीति में फिर हो सकता है बड़ा उलटफेर

**मुंबई.**

राज्य की राजनीति में इन दिनों एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। शिवसेना-यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लग सकता है। कई शिवसेना के सांसद, विधायक, विभाग प्रमुख और अन्य पदाधिकारी जल्द ही एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। यह खबर हाल ही में राज्यभर में चर्चा का विषय बनी हुई है।



खबरों के अनुसार, शिवसेना-यूबीटी के पांच सांसद और सात विधायक एकनाथ शिंदे की पार्टी के बड़े नेताओं से संपर्क में हैं। इनमें से एक केबिनेट मंत्री भी हैं, जो उद्धव ठाकरे के नेताओं को अपनी पार्टी में लाने के लिए लगातार लॉबिंग कर रहे हैं।

एकनाथ शिंदे की पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता किरण पावसकर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उद्धव ठाकरे की पार्टी के कई बड़े नेता, सांसद, विधायक और पदाधिकारी उनके संपर्क में हैं। वे एकनाथ शिंदे के नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। पावसकर ने यह भी कहा कि इन नेताओं का अब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व पर भरोसा नहीं रहा है।

जब पावसकर से यह पूछा गया कि वे नेता और विधायक कौन हैं, तो उन्होंने इसे नजदीकी भविष्य में एक बड़ा विस्फोट बताया और कहा, "बड़े नाम हैं, जल्द ही कुछ बड़ा होगा।" उन्होंने "ऑपरेशन टाइगर" के सवाल पर जवाब देते हुए कहा, "अब टाइगर है या लायन, यह आप देखेंगे।" पावसकर ने यह भी कहा कि अब सामना अखबार की विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है, और कोई उसे पढ़ता भी नहीं है।

शिवसेना-यूबीटी के संजय राउत ने यह आरोप लगाया था कि एकनाथ शिंदे का फोन टैप किया जा रहा है। इस पर पावसकर ने कहा, "यह केवल ख्याली पुलाव पकाने की बात है। एकनाथ शिंदे नाराज नहीं हैं और उनका फोन कोई नहीं टैप कर रहा है।"

### शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं उद्धव के नौ पूर्व पार्षद!


खबरों के अनुसार,औरंगाबाद (संभाजीनगर) जिले में उद्धव ठाकरे के नौ पूर्व पार्षद एकनाथ शिंदे की शिवसेना से जुड़ सकते हैं। इनमें किशोर नागरे, स्वाति नागरे और मोहन मेघवाले जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं, जो पहले संभाजीनगर महानगरपालिका में अहम पदों पर रह चुके हैं। इससे पहले, मुंबई की पार्षद राजुल पटेल ने भी शिवसेना-यूबीटी का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे को जॉइन किया था।

# अक्षय शिंदे के पिता ने मुकदमा न लड़ने की इच्छा जताई

**मुंबई.**

पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए बदलापुर दुष्कर्म मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के माता-पिता ने बॉम्बे हाई कोर्ट से कहा है अब कि वो अपने बेटे की मौत से जुड़ा मुकदमा नहीं लड़ना चाहते. गुरुवार 6 फरवरी को उन्होंने जज रेवती मोहिते डेरे और जज नीला गोखले की बेंच के सामने ये बात कही. बेंच आरोपी अक्षय की हिरासत में मौत से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही है. मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार 8 फरवरी को होगी.

यह याचिका शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने उनके बेटे को फर्जी मुठभेड़ में मार दिया. हालांकि गुरुवार को माता-पिता ने कार्यवाही के अंत में बेंच से कहा कि वो अब मामले को आगे बढ़ाने के इच्छुक नहीं हैं और चाहते हैं कि अब इस केस को बंद कर दिया जाए. इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि उनपर किसी भी तरह का कोई दबाव नहीं है और केस बंद करने का फैसला उन्होंने खुद लिया है.



पिछले साल 2024 में ठाणे जिले के बदलापुर शहर में एक स्कूल के बाथरूम के अंदर दो बच्चियों के साख यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया था. इस मामले में पुलिस ने 24 साल के अक्षय शिंदे को गिरफ्तार किया था. अक्षय उस स्कूल में अटेंडेंट का काम करता था. जब पुलिस पूछताछ के लिए उसे मुंबई की तलोजा जेल से ठाणे ले जा रही थी उसी दौरान पुलिस के साथ कथित मुठभेड़ में अक्षय मारा गया था. पिछले महीने जनवरी में मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट में इस मामले में पांच पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया गया था. जांच रिपोर्ट बॉम्बे हाई कोर्ट को सौंपी गई थी, जिसमें कहा गया था कि पिछले साल सितंबर में आत्मरक्षा में गोली चलाने के पुलिस के दावे पर संदेह है. मजिस्ट्रेट अशोक शेंगडे ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि फॉरेंसिक रिपोर्ट सहित सभी साक्ष्यों पर विचार करने के बाद पता चलता है कि अक्षय के माता-पिता के इस आरोप में ठोस सबूत मिले हैं कि उनके बेटे की फर्जी मुठभेड़ में हत्या की गई है. अक्षय के माता पिता दावा किया था कि उनके बेटे को पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ में मार डाला है.

## सुरक्षा में तैनात पुलिस पर पत्थरबाजी

**मुंबई.** 36 वर्षीय एक व्यक्ति ने गुरुवार को गावदेवी में तैनात एक पुलिस अधिकारी पर पत्थर से हमला कर दिया। हमले में पुलिस कांस्टेबल शिवाजी उगले गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में गावदेवी पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन सूत्रों ने बताया कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। शिकायतकर्ता पुलिस कांस्टेबल शिवाजी उगले को गुरुवार को गावदेवी क्षेत्र में सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। उसी समय पीछे से एक अजनबी व्यक्ति आया। उसका बोरा पत्थरों से भरा था। आरोपियों ने बोरे में रखे पत्थरों से उगले पर वार करना शुरू कर दिया। यह घटना कबूतर खान्या के पास सेल्फी प्वाइंट पर घटी। उगले के सिर, पैर और कमर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उगले के साथ तैनात अन्य पुलिस अधिकारियों ने आरोपी रंजीत सिंह सरतानी को हिरासत में ले लिया। उगले की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इस मामले में बाद में रणजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मूल रूप से गुजरात का रहने वाला है और मानसिक रूप से अस्थिर पाया गया।


## एनसीबी ने 200 करोड़ की ड्रग्स जब्त की

> 4 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई.**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई जोनल यूनिट ने शुक्रवार को नवी मुंबई में छापेमारी कर 200 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की। छापेमारी में 4.9 किलो गांजा, 11.540 किलो उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन और साथ ही कुल 5.5 किलो के 200 पैकेट कैनबिस गमी बरामद हुए हैं। एनसीबी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कुल अनुमानित कीमत 200 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट की मदद से ड्रग्स की तस्करी की गई थी। ड्रग्स को अमेरिका से तस्करी कर लाया गया था और कोंकण क्षेत्र से शहर में लाया गया। इस ड्रग सिंडिकेट से जुड़े लोगों की पहचान करने के लिए जांच चल रही है। जनवरी 2025 में 200 ग्राम कोकीन जब्त किए जाने के बाद मिले सुरागों के आधार पर एनसीबी ने यह कार्रवाई की और ड्रग्स की बड़ी खेप को पकड़ने में कामयाब हुई। इन सुरागों के आधार पर एनसीबी की टीम ने



तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी का उपयोग करते हुए इस मामले की गहरी जांच की। इसके बाद नवी मुंबई में छापेमारी की गई, जिसमें भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ ही 1,60,000 रुपये कैश भी मिले।

अधिकारियों ने बताया कि अब तक की गई जांच से पता चला है कि यह सिंडिकेट विदेश में बैठे लोगों द्वारा चलाया जा रहा है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ को विदेश से मुंबई लाया गया और फिर कूरियर और छोटी कार्गो और तस्करों के जरिये भारत और विदेशों में कई जगहों पर भेजी जा रही थी।

एनसीबी अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई न केवल मुंबई बल्कि भारत के अन्य हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता है। ड्रग तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## 'कैरी ऑन स्कीम' गुणवत्ता के लिए घातक

**मुंबई.** राज्य के सभी गैर-कृषि विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के लाभ के लिए 'कैरी ऑन योजना' के क्रियान्वयन के संबंध में सकारात्मक निर्णय लेने तथा विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा देने का अवसर देने के लिए संकाय स्तर पर एकरूपता बनाए रखने के निर्देश उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने हाल ही में कुलपतियों को दिए। हालांकि, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अपना विरोध जताते हुए कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री कैरी-ऑन योजना के पक्ष में हैं, जो गुणवत्ता के लिए हानिकारक है। हाल ही में राज्य के सभी गैर-कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक चंद्रकांत पाटिल की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित की गई थी । बैठक में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, रजिस्ट्रार और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कुछ लोग वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रणाली के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए चंद्रकांत पाटिल ने कुलपति से कहा, 'कभी-कभी शैक्षणिक कारणों या अन्य परिस्थितियों के कारण छात्रों को परीक्षा देते समय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, कैरी ऑन योजना का उपयोग उन्हें एक और मौका देने और छात्रों की शैक्षिक यात्रा में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए किया जाता है।




**बारामती के इतिहास में पहली बार 2,400 साल पुराने दुर्लभ सिक्कों और नोटों की एक भव्य प्रदर्शनी 8 से 11 फरवरी तक आयोजित की गई थी.इस प्रदर्शनी में हिंदू साम्राज्य का पहला सिक्का, शिव युग के सिक्के, रियासतों के सोने और चांदी के सिक्के, दुर्लभ प्राचीन सिक्कों का संग्रह, ब्रिटिश काल के सिक्के और नोट, रियासतों के दुर्लभ स्टांप पेपर और डाक टिकट शामिल हैं।**

## उरण के किसानों ने विरोध प्रदर्शन वापस लिया

**उरण.** विरार अलीबाग कॉरिडोर से प्रभावित किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे में बढ़ोतरी की मांग की गई। इस संबंध में रायगढ़ जिला कलेक्टर ने सरकार को पत्र भेजकर गांव-गांव मूल्य वृद्धि की सिफारिश की है। इसलिए, उरण के किसानों ने कोंकण आयुक्त के खिलाफ सरकार के खिलाफ आहूत विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया है।

अलीबाग-विरार कॉरिडोर प्रभावित किसान संघर्ष समिति ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कोंकण आयुक्त सीबीडी बेलापुर के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन कोंकण आयुक्त के आदेश पर, रायगढ़ जिला कलेक्टर, रायगढ़-अलीबाग के अनुरोध पत्र पर, बुधवार को अलीबाग में जिला कलेक्ट्रेट में उप जिला कलेक्टर (भूमि अधिग्रहण) और समन्वयक भूमि अधिग्रहण, रायगढ़ श्रीकांत गायकवाड़ की उपस्थिति में किसानों और अधिकारियों की एक बैठक हुई।



इस बैठक में सकारात्मक चर्चा हुई है। साथ ही, रायगढ़-अलीबाग के डिप्टी कलेक्टर ने नए आदेश प्राप्त होते ही अपने संगठन के साथ तत्काल बैठक करने पर सहमति जताई है।

संगठन को लिखे पत्र में उन्होंने पनवेल मेट्रो सेंटर के भूमि अधिग्रहण अधिकारी दत्तात्रेय नवले को मौखिक रूप से आदेश दिया कि जब तक महाराष्ट्र सरकार से मूल्यांकन के संबंध में अगले आदेश प्राप्त नहीं हो जाते, तब तक अलीबाग-विरार कॉरिडोर के लिए किसी भी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को स्थगित कर दिया जाए। इसलिए संगठन ने कुछ समय के लिए मार्च स्थगित करने का निर्णय लिया है, यह जानकारी समिति के अध्यक्ष संतोष ठाकुर और सचिव रविन्द्र कासुकर महेश नाइक ने दी।

# खारघर में शिवकुमार की हत्या पर जांच की मांग

> विहिप ने दी आंदोलन की चेतावनी

**मुंबई.**

खारघर में हिंदू युवक शिवकुमार शर्मा की हत्या का मामला गरमा गया है. विश्व हिंदू परिषद से लेकर मंत्री नितेश राणे इसे लेकर लगातार हमला बोल हैं और हत्या की जांच की मांग कर रहे हैं. गुरुवार को शिवकुमार शर्मा के नवी मुंबई वाशी के घर पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी. इनमें शिवकुमार शर्मा के परिवार, मित्र, हिमाचल प्रदेश के उनके रिश्तेदार और वीएचपी के कार्यकर्ता शामिल हैं. इन लोगों ने हत्या की जांच की मांग की. वहीं मंत्री नितेश राणे ने सीएम को पत्र लिखकर इज्तेमा पर बैन लगाने की मांग की.



प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि शिवकुमार शर्मा की आइडेंटिटी हिंदू थी, इसलिए उनकी हत्या की गई. उनके हाथ में शंकर भगवान का टैटू था. गले में रुद्राक्ष की माला थी. मोटरसाइकिल पर जय माता दी लिखा था, इसी को देखकर हमलावरों ने उनको हेलमेट से इतना पीटा कि उनकी मौत हो गई. शिवकुमार शर्मा के रिश्तेदार मित्रों का कहना है कि अगर गिरफ्तारी नही हुई तो बड़ा आंदोलन होगा. सड़क पर उतरेंगे. पुलिस स्टेशन का घेराव करेंगे.

दूसरी ओर, मंत्री नितेश राणे ने पुणे में एक कार्यक्रम में खारघर की घटना का जिक्र करते हुए इज्तेमा पर बैन की मांग की. नितेश ने कहा कि सीएम को पत्र लिखा है कि इज्तेमा पर बैन लगाया जाए. उन्होंने कहा कि वो खारघर में इज्तेमा कर रहे थे. भीड़ लगाकर इज्तेमा कर रहे थे. क्या उनका नाम हैं...इजतफ, इजतेमाह-इनके नाम भी ऐसे हैं कि ठीक से ले नहीं सकते आप. ये इज्तेमा करने वाले इनके युवा लड़के तो रास्ते में क्राइम करते हैं. उन्होंने कहा कि इन लोगों ने रास्ते में हमारे एक हिंदू भाई को हेलमेट से पीट-पीटकर मार डाला. मैंने सीएम से गुजारिश की है कि ऐसे भड़काऊ भाषण देने वाले इज्तेमा पर बैन लगाया जाए.

### खारघर मर्डर केस की एनआईए करे जांच

उनका कहना है कि शिवकुमार शर्मा को इसलिए मारा गया, क्योंकि वो हिंदू थे और कोई वजह है और कोई वजह नहीं थी. इसकी जांच एनआईए को दी जाए. इसमे आतंकी साजिश है. उन्होंने सवाल किया कि मौलाना साद ने इस इज्तेमा में स्पीच दिया. मौलाना साद पर प्रतिबंध है. वो भड़काऊ भाषण देता है. उसे परमिशन क्यों दी गई? इसका जवाब दें. मौलाना साद की स्पीच के बाद माहौल बिगड़ा और इन दो लड़कों ने शर्मा को मार डाला.

### शुद्धिपत्रक

नगर परिषद सावनेर ची खालिल जाहिरात दि.7 फेब्रुवारी च्या अंकात प्रकाशित झाली आहे त्यात नजर चुकीने सदर निविदा पत्रक दि.०८/०२/२०२५ पासुन ते दि.६/१/२०२५ असे नजर चुकीने झाले आहे तरी सदर दि. ६/१/२०२५ ऐवजी १४/०२/२०२५ असे वाचावे.

स्वा/-
(किरण बगडे)
मुख्याधिकारी नगरपरिषद सावनेर

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 1386 Dt. 04/02/25
IN THE COURT OF 4th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 404
M.J.C. Case No. 68/2025
Fixed For 10/02/2025

**Applicant : 1) Jayshree Pramod Wasankar, 2) Laxmibai Rambhau Wasankar.** Both R/o Plot No. 48, Old Sakkardara, Bidipeth, Ayodhya Nagar, Nagpur-440009 **--Versus--**
**Non-Applicants:Nil**
**Name of Deceased : 1) Pramod Rambhau Wasankar, Died On: 16/11/2021,** R/o Plot No. 48, Old Sakkardara, Bidipeth, Ayodhya Nagar, Nagpur-440009.

Whereas **Pramod Rambhau Wasankar, Died On: 16/11/2021,** R/o Plot No. 48, Old Sakkardara, Bidipeth, Ayodhya Nagar, Nagpur-440009. and Whereas **Jayshree Pramod Wasankar & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Jayshree Pramod Wasankar & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **4th Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **10th Day of Feb., 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased. Given under my hand and the seal of the court, that **3rd day of Feb., 2025.**

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 1038 Dt. 24/01/25
IN THE COURT OF 2nd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 304
M.J.C. Case No. 1126/2024
Fixed For 27/02/2025

**Applicant : 1) Khairunbi Wd/o Najiruddin Turk,** R/o 93 Chopa, Ward No. 3, Bazartola, Chopa, Gondia. (M.S), **2) Nazmun W/o Yakub Sheikh,** R/o Nehru Ward, Mohadi Dist. Bhandara, **3) Khalil S/o Sattar Sheikh** R/o Dawaniwada, Dist. Gondia, **All Presently** R/o C/o Rahamatullah Sheikh, 662, Haderi Road, Panaipeth, Mominpura, Nagpur
**--Versus-- Non-Applicants:Nil**
**Name of Deceased : 1) Aamna @ Zinnatbi Sattar Sheikh, Died On: 15/08/2023,** R/o C/o Rahamatullah Sheikh, 662, Haderi Road, Panaipeth, Mominpura, Nagpur

Whereas **Aamna @ Zinnatbi Sattar Sheikh, Died On: 15/08/2023,** R/o C/o Rahamatullah Sheikh, 662, Haderi Road, Panaipeth, Mominpura, Nagpur and Whereas **Khairunbi Wd/o Najiruddin Turk & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Khairunbi Wd/o Najiruddin Turk & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **2nd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **27th Day of Feb., 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **23rd day of Jan., 2025.**

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

## आज का राशिफल

मेष - मन परेशान रहेगा। मन में निराशा व असंतोष के भाव हो सकते हैं। क्रोध व आवेश के अतिरेक से बचें।

वृषभ - वाणी में मधुरता तो रहेगी, परंतु मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें।

मिथुन - मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में भी संतुलित रहें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

कर्क - आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी।

सिंह - आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। लाभ में भी वृद्धि होगी।

कन्या - मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला - मन में शांति व प्रसन्नता तो रहेगी। फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार का साथ मिलेगा।

वृश्चिक- मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। कारोबार का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु - मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। संयत रहें। बातचीत में संतुलन बनाए रखें।

मकर- आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु मन अशांत भी हो सकता है। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ - मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। वाणी के प्रभाव से कारोबार बढ़ेगा।

मीन- मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 1402 Date 04.02.25
IN THE COURT OF Jt. CIVIL JUDGE JR. DN., NAGPUR. Room No. 416-A
Succession Case No. 2/2025
Fixed For 14/02/2025

**Applicant: 1) Narendra Krushnarao Sakharkar,** R/o Opp Bharti Vyayam Shala Chitanis Park, Mahal, Nagpur City - 440002
**--Versus-- Non-Applicants: Nil**
**Name of Deceased : 1) Indirabai Krushnarao Sakharkar, Died On: 08/06/2020,** R/o Opp Bharti Vyayam Shala Chitanis Park, Mahal, Nagpur City-440002

Whereas **Indirabai Krushnarao Sakharkar, Died On: 08/06/2020,** R/o Opp Bharti Vyayam Shala Chitanis Park, Mahal, Nagpur City-440002 and Whereas **Narendra Krushnarao Sakharkar** has presented an application to this court for grant of Succession Certificate U/s. 372 of Indian Succession Act, **In respect of the Transferring the ownership vehicle model No Willys Jeep and registration No MRW 7015, Chassis No. 57348CJ3B71539, Engine No. 6902469** standing in the name of the deceased & left by the deceased.

This is to give Public Notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Narendra Krushnarao Sakharkar** as successor, of the deceased, to appear in the Court of **Jt. Civil Judge Jr. Dn., Nagpur** on **14th day of Feb., 2025** at 10.30 a.m. There to enter their objections and it is here by declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of succession of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, this day of **3rd day of Jan., 2025.**

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Court of Civil Judge Sr.Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 647 Dt. 16/01/25
IN THE COURT OF 3rd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 104
M.J.C. Case No. 1127/2024
Fixed For 20/02/2025

**Applicant : 1) Gulam Ahmad Raza Razvi s/o Sheikh Rehmatullah, 2) Sheikh Rehmatullah S/o Innayatullah, 3) Mohammad Mohsin Raza, 4) Shakila Sheikh Ahasan Turk, 5) Saleha Khatun Sajid Khan, 6) Rabiya Khatoon Mohammad Zakir Mahajan,** All R/o 662 Haidary Road, Panipeth, Mominpura, Nagpur, 440018
**--Versus-- Non-Applicants: Nil**
**Name of Deceased : 1) Jaherabee w/o Sheikh Rehmatullah, Died On: 28/07/2024,** R/o 662 Haidary Road, Panipeth, Mominpura, Nagpur, 440018.

Whereas **Jaherabee w/o Sheikh Rehmatullah, Died On: 28/07/2024,** R/o 662 Haidary Road, Panipeth, Mominpura, Nagpur, 440018. and Whereas **Gulam Ahmad Raza Razvi s/o Sheikh Rehmatullah & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Gulam Ahmad Raza Razvi s/o Sheikh Rehmatullah & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **3rd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **20th Day of Feb., 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **16th day of Jan., 2025.**

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 1004 Dt. 23/01/25
IN THE COURT OF 4th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 404
M.J.C. Case No. 1128/2024
Fixed For 12/03/2025

**Applicant : 1) Hussain Raza S/o Sheikh Khairullah,** R/o 855, Near Badi Masjid Hasanbag Nagpur, **2) Amzad Raza S/o Mohammad Khairullah,** R/o 855, Near Badi Masjid Hasanbag Nagpur, **3) Parveen wd/o Sheikh Khairullah,** R/o 855, Near Badi Masjid Hasanbag Nagpur, **4) Malkabano w/o Iqbal Sheikh,** R/o Plot No. 72, Kamgar Nagar, Nagpur, **5) Reshma w/o Sharif Sheikh,** R/o Wagh, Tah. Kuhi, Dist. Nagpur.
**--Versus-- Non-Applicants: Nil**
**Name of Deceased : 1) Sheikh Khairullah S/o Sheikh Inyatullah, Died On: 28/09/2023,** R/o 855, Near Badi Masjid Hasanbag Nagpur.

Whereas **Sheikh Khairullah S/o Sheikh Inyatullah, Died On: 28/09/2023,** R/o 855, Near Badi Masjid Hasanbag Nagpur and Whereas **Hussain Raza S/o Sheikh Khairullah & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Hussain Raza S/o Sheikh Khairullah & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **4th Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **12th Day of March, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **21st day of Jan., 2025.**

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

## नगर परिषद कार्यालय, सावनेर (जि. नागपूर)

जावक क्र./नपसा/498/ 2025 — दिनांक:- 7/2/2025

## जाहिर सुचना

नगरपरिषद सावनेर व्दारे जाहीर सूचित करण्यात येते की, मा. अप्पर मुख्य सचिव याच्या दि. ०८/०१/२०२५ रोजीच्या बैठकीमध्ये दिलेल्या निर्देशानुसार अनधिकृत जाहिराती फलक, बॅनर, पोस्टर कारवाई करण्याकरीता विशेष मोहीम राबविण्यात येत आहे. त्यानुषगाने नगरपरिषद सावनेर क्षेत्रातील सर्व मुद्रणालय, प्रिंटींग पेस धारक मालक यांना सूचित करण्यात येते की, आपल्याकडून कोणतेही अनधिकृत बॅनर, पोस्टर्स किंवा जाहिरात फलक, पोमपेल्ट, प्रेसनोट हे नगर परिषद कार्यालय सावनेर चे परवानगी शिवाय छपाई करण्यात येऊ नये. अन्यथा आपल्यावर दंडात्मक कारवाई करण्यात येईल किंवा परवाना रद्द कण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

स्वा/-
(किरण बगडे)
मुख्याधिकारी
नगरपरिषद सावनेर

## सुविचार

यह सोचकर कभी मत कमजोर पड़ना
की आप अकेले हो
बल्कि यह सोचकर डटे रहना की
आप अकेले ही काफी हो

## संपादकीय

# तालमेल से बनेगी बात

यूजीसी कानूनों के मसौदे के विरोध में पांच राज्य सरकारों का एक साथ सामने आना कई सवाल खड़े करता है। हालांकि इन पांचों राज्यों कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में विपक्षी दलों का शासन है। ऐसे संकेत भी हैं कि भले इनके साथ एक मंच पर न आए हों, लेकिन कई अन्य राज्य भी इस मसौदे से असहमति रखते हैं।

राजनीतिक विभाजन अगर सिर्फ इन पांच राज्यों के विरोध की बात की जाए और यह मान लिया जाए कि इसके पीछे राजनीति की भी प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका होगी तो भी यूनिवर्सिटियों के संचालन, वाइस चांसलरों की चयन प्रक्रिया और असिस्टेंट प्रफेसरों की नियुक्ति के लिए पात्रता जैसे मसलों पर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच राजनीतिक विभाजन गंभीर मसला है। केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारों के बावजूद अगर पहले इस तरह का विभाजन नहीं दिखता था और अब दिख रहा है तो साफ है कि किसी न किसी स्तर पर ऐसी गड़बड़ी आई है या आ रही है जो पहले नहीं थी।

राज्यों की भूमिका इन राज्यों की शिकायतों और सुझावों का जहां तक सवाल है तो ऐसे मामलों पर चलताऊ ढंग से कोई निष्कर्ष निकाल लेना सही नहीं होगा। लेकिन अगर राज्य सरकारों को वीसी के चयन में अपनी भूमिका पूरी तरह खत्म किए जाने पर एतराज है तो उनकी आपत्ति को एकबारगी खारिज नहीं किया जा सकता। शिक्षा आज भी समवर्ती सूची में है। ऐसे में इस बात का ख्याल रखना जरूरी है कि राज्यों की भूमिका के लिए पर्याप्त गुंजाइश बनी रहे।

केंद्र और राज्य सरकारों के रिश्तों में अगर हाल के वर्षों में तनाव बढ़ा है तो उसकी एक वजह खासकर विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों की अति-सक्रियता भी है। इससे इन राज्य सरकारों के बीच ऐसा संदेह बना है कि केंद्र राज्यपालों के जरिए उनके अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी करना चाहता है। बहुत संभव है कि यूजीसी नियमों के मसौदे पर मतभेदों के ऐसा रूप लेने के पीछे भी इन संदेहों का हाथ हो। कारण चाहे जो भी हो, केंद्र और राज्यों के बीच इस तरह के संदेहों का कोई औचित्य नहीं बनता। इससे संविधान के संघीय ढांचे को भी देर-सबेर नुकसान पहुंचने का अंदेशा रहता है। बेहतर होगा इन मतभेदों को उपयुक्त मंचों पर और सामंजस्यपूर्ण तरीके से सुलझा लिया जाए।

# डिपोर्ट प्रक्रिया में मानवीय पहलू का भी रखें ध्यान



**हरीश पराशर**

अमरीका से अवैध प्रवासी भारतीयों के निर्वासन के मुद्दे पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आश्वस्त किया है कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि निर्वासित होकर आने वाले भारतीयों के साथ किसी तरह का दुव्र्यवहार नहीं हो। अमरीकी एयरफोर्स के विमान से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को जिस तरह से लाने की जानकारी सामने आ रही है, उसे देखते हुए विदेश मंत्री का यह बयान निश्चित ही अवैध रूप से रह रहे उन प्रवासी भारतीयों के लिए भी राहत की खबर है, जिन्हें आने वाले दिनों में भारत भेजा जाना है। अवैध प्रवासियों की समस्या अमरीका ही नहीं, भारत समेत कई दूसरे देशों की भी है। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी भी चाहिए, लेकिन अमानवीय व्यवहार तो किसी भी सूरत में उचित नहीं कहा जा सकता। विपक्ष ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों में अमरीका के मिलिट्री प्लेन से अमानवीय तरीके से हथकड़ी लगाकर डिपोर्ट किए गए लोगों को भारत भेजने पर जमकर हंगामा किया। इसके बाद विदेश मंत्री ने जवाब में डिपोर्ट किए जाने वाले लोगों के लिए कानूनी प्रावधानों का हवाला दिया और साथ ही आश्वस्त भी किया कि अमरीकी सरकार से लगातार बातचीत जारी है ताकि ऐसे भारतीयों के साथ दुव्र्यवहार नहीं हो। भारत-अमरीका के बीच दोस्ताना संबंधों की चर्चा वैश्विक बिरादरी में रहती आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इसी माह अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से प्रस्तावित मुलाकात में दोनों देशों के रिश्तों में और गर्मजोशी की उम्मीद की जा रही है। ऐसे में डिपोर्ट किए जाने वाले भारतीयों से दुव्र्यवहार की खबरों से चिंता स्वाभाविक है। यह बात भी सही है कि किसी भी देश को अपने यहां रह रहे दूसरे देश के अवैध प्रवासी को अपने कानून के मुताबिक डिपोर्ट करने का हक है। यदि कोई अपराधी है तो उसे संबंधित देश के कानून के अनुसार दंड भी मिलना चाहिए। लेकिन अपराधी को सजा देते वक्त मानवीय पहलुओं को भी ध्यान में रखना उतना ही जरूरी है। लेकिन अमरीका अपने यहां अवैध प्रवासियों के निर्वासन का जो तरीका अपना रहा है, उसकी दुनियाभर में आलोचना भी हो रही है। शहरों में अवैध प्रवासियों पर छापे मारे जा रहे हैं और पकड़े गए लोगों को सेना के विमानों में भरकर उनके देशों को भेजा जा रहा है। अमरीका जैसा देश जो खुद को मानवाधिकारों का बड़ा पक्षधर बताता रहता है, उसे तो इस दिशा में अधिक ध्यान रखना चाहिए। भारत सरकार पहले ही अमरीका को निर्वासन प्रक्रिया में सहयोग के लिए आश्वस्त कर चुकी है। दोनों देशों के दूतावासों को माध्यम बनाकर डिपोर्ट की इस प्रक्रिया को बाधा रहित बनाया जाना चाहिए।

## लघु कथा

**गिरधारी राम**

# बस अब और नहीं

सुमन माँ से झूठ बोल रही थी! माँ ने पूछा था कि आखिर तुम झूठ क्यों बोल रही हो? आखिर बताती क्यों नहीं क्यों नहीं कि हुआ क्या? क्या आज नीरज ने तुम्हें आज फिर परेशान किया, मारा-पीटा! सुमन की माँ गौर से देख रही थी, सुमन का मुंह सुजा हुआ था। वह सुमन के नजदीक जाकर उसकी साड़ी का पल्ला के पीछे की तरफ, ब्लाऊज हटाकर देखा....,सुमन की पूरी पीठ पर लाल-लाल चकते उभर आये थे। शायद नीरज नें आज फिर सुमन को अपने बेल्ट से मारा था।सुमन ने माँ की तरफ घूर कर कहा- माँ.. प्लीज.. प्लीज... नीरज से कुछ भी न कहना। तुमसे हाथ जोड़कर विनती करती हूँ। माँ तुम जानती हो नीरज मुझे बहुत प्यार भी तो करता है। बस थोड़ी सी शराब पी लेता है तभी वह मार-पीट करता है पर मैं इसका बुरा नहीं मानती हूँ। यह शब्द बोलते-बोलते सुमन का गला भर आया था और आँखों से आँसू के दो बूँदे उसकी गालों पर छलक आयी थी। नीरज की सारी गलतियों को छुपाकर सुमन आज माँ के सामने महान बन गयी थी। यही वो औरत है जो हजारों



मुसीबत सहने के उपरांत भी अपना परिवार तोड़ना नहीं चाहती। वह तो किसी भी हाल में अपना परिवार को बचाये रखना चाहती है। सुमन की माँ को अपनी बेटी का दुख देखा न जाता पर अपने बेटी की विनती के आगे नतमस्तक हो गयी थी। सुमन, नीरज की सब यातनाएँ सह रही थी बस इसीलिए कि दो मासूम बच्चे बड़े हो जाय। नीरज को तो बस नौकरी से मतलब था इसके बाद शराब। और पुरूष को चाहिए क्या? यह क्या नीरज सोच पायेगा कि उसकी बुरी आदतों की वजह से पूरा का पूरा परिवार नष्ट हो रहा था। इधर नीरज कुछ सालों से वह हमेशा शराब पीने की जुगत में रहता। घर का राशन हो या न हो पर उसको शराब चाहिए। बच्चों की क्या जरूरतें होती है, बच्चे कौन स्कूल में पढ़ेंगे, बच्चों को क्या नाश्ता चाहिए, क्या खाना चाहिए इन सारी समस्याओं से नीरज कोसों दूर था। दरअसल गलती नीरज की नहीं है वह तो हमारा समाज का आईना भर है। इस पुरूष प्रधान समाज में स्त्री को कानूनन बराबरी का तो दर्जा है परंतु हमारे आम जनजीवन में स्त्री को पुरूष, पैरों की जूती समझता है। और हमेशा दबा कर रखना चाहता है। यही तो गंदी मानसिकता है। किसी तरह दो-चार साल और बीते होंगे, एक दिन नीरज शराब के नशे में घर रात को दस बजे आया और खाना मांग रहा था। जैसे ही सुमन ने बोला कि आज आटा खत्म हो गया था इसीलिए रोटी बना नहीं पायी ,तुरंत एक बार फिर सुमन को मारने के लिए नीरज ने अपना बेल्ट उतार लिया था । आज सुमन का स्वाभिमान जाग उठा। नीरज ज्योंही सुमन को मारने के लिए बेल्ट चलाया उसने बेल्ट को पकड़ लिया। नीरज एक से सन्न रह गया। उसका शराब का नशा एक दम से उतर गया था।

## लघुकथा

**अशोक मिश्र**

# प्रेरणा

प्रतीक कम्पयुटर साइंस में बी ई करने के उपरांत छः महीने से नौकरी के लिए भटक रहा था। रोज सुबह-सुबह दफ्तरों में इन्टरव्यू के लिए निकल जाता था। कदाचित् कुछ स्टेज क्लीयर भी कर लेता था पर फाइनली सेलेक्ट नहीं हो पाता था. एक बार फिर प्रतीक एक कम्पनी में अन्ततः चयनित नहीं हो पाने के कारण हताश और निराश होकर लौट रहा था तो देखा कि मुहल्ले का हीं एक पांव से पोलियोग्रस्त सात-आठ साल का लड़का, त्रिलोचन पैर घसीट घसीट कर आगे बढ़ रहा था।

पसीना से तर-बतर त्रिलोचन थक कर किसी घर के आगे बने चबूतरे पर जब बैठ गया तो प्रतीक भी अपनी बाइक खड़ी कर उसके बगल में बैठ गया और अपने बैग से पानी का बोतल निकाल कर त्रिलोचन की ओर बढ़ा दिया। त्रिलोचन ने पानी पीने के बाद सधन्यवाद बोतल वापस किया। प्रतीक ने त्रिलोचन से कहा चलो मैं तुम्हें बाइक से घर छोड़ देता हूँ, लड़के ने बड़ी मासूमियत से कहा अरे! नहीं भैया, इसकी जरूरत नहीं है, यह तो मेरा रोज का काम है। वह कहने लगा, पता है!

पापा मुझे आइ ए एस बनाना चाहते हैं और इसके लिए इन्सान को हर तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए।असल में आज गरमी थोड़ी बढ़ी हुई है, कुछ दिनों में बर्दाश्त करने की क्षमता आ जाएगी। उस दिव्यांग बालक की बातें सुनकर प्रतीक उत्साह से भरा जा रहा था और उसमें अब किसी प्रकार की निराशा नहीं थी क्योंकि उसको जीवन की प्रेरणा मिल चुकी थी।

## कहानी

**मनसा आनंद**

# बचपन

राम शरण भोर में सुबह तीन बजे अलार्म की आवाज़ सुनता, लगता कहीं कोसों दूर से बहती आती ध्वनि मिट्टी हुए शरीर को प्राणों से भर रही है। शरीर का अंग-अंग, पोर-पोर कैसे टूटा बिखरा पड़ा होता, कितनी मुश्किल से सहजता समेटता था। और ये सर तो मानों जम गया है, बर्फ़ की तरह कैसा निष्क्रिय, बेजान पूरा सर अपना होने पर भी कैसे पराए पन का अहसास देता है। सर क्या शरीर के कितने स्नायु-स्पंदन काम करते या कितनों की ज़रूरत महसूस होती है, कूड़ा, कचरा, और दारू तक ही सिमट सुकुड़ के रह गई है ज़िंदगी, एक बेबस पंछी की तरह तड़पता है, पिंजरे से टकराता हे और फिर सब बन्द, शराब के हाथों कमज़ोर, लाचार, एक जीवित लाश हो गया है। सड़क के किनारे रेलिंग से तिरपाल बाँध कर बनाया हुआ धर, उसी में उसका परिवार एक लड़का और पत्नी तीन प्राणी मात्र। सोने के लिए फटे चीथड़े-गुदड़े, पृथ्वी माता ही उनकी सेज, देखो कितने दिन तक टिकते हैं यहाँ।

किसी दिन पुलिस के डंडे पड़ंगे सब खुले आसमान की छाँव में, चमकते चाँद सितारों के नीचे, सरदी, गर्मी, बरसात का न तो इस शरीर पर कोई असर होता है, न ही इस घर का कुछ बिगड़ता है। बरेली के पास छोटा सा गांव भालसा शहर की मशीनी जिन्दगी से कोसों दूर, कच्चे पक्के तीस-चालीस घर। खेती की 6बिघा जमीन खाने लायक धान, जवार, गेहूँ साग भाजी के लिए छोटी सी बाँड़ी। परिवार के नाम पर माँ बाप और खुद राम शरण। दोनों जून चूल्हा जल जाता था, भगवान भूखे पेट नहीं सुलाता था। चार कोस स्कूल जाकर आठ किलास तक पढ़ाई ने मति खरब कर दी। बहका दिया, शहर में जाकर ख़ूब पैसा मिलेगा, माँ-पिताजी रोए गिड़गिड़ाये, मिन्नत आरज़ू की समझाया-बुझाया, क्या करेंगे पैसे का यहाँ दो जून खाना कपड़ा मिलता है भगवान की दया से। ``तु हमारी काणे कैसी एक आँख है, दूर मत जा।'' नहीं सुनी किसी की बात, भाग कर आ गया दिल्ली। न यहाँ कोई जान पहचान एक चाय की दुकान पर बरतन भाँन्डे धोए, वहीं पटरी पर सो गया। कुछ ही दिन में पर निकल आए, यार दोस्त भी बन गए।

राय मशवरा चला, आख़िर तय किया गया की नौकरी छोड़ कर अपना ही व्यवसाय किया ज़ाए रिक्शा चलाने का, जितनी मेहनत उतनी आमदनी। आमदनी क्या लक्ष्मी बरसने लगी 300-400 रू रोज़ाना 100रू रिक्शा का भाड़ा। आमदनी के साथ शौक भी बढ़े, पान, बीड़ी, सिनेमा कुल मिला कर शाही शान। दो साल बाद होली पर घर पहुँचा तो गाँव के साथी दंग रह गए रामु से राम नारायण शरण कैसे फूला-फूला घूम रहा था गलियों में। माँ-बाप ने सोची शादी की बेडियाँ ड़ाल देंगे तो शायद बन्द जाये खूटे से। राम शरण का शाही ठाट लिपि पुति झूठी चमक-दमक लोगो को लगने लगा जिन्दगी तो दिल्ली वालो की, इन्द्र की नगरी है, क्या सड़कें, जगमगाती बिजली की बत्तियां, मानो आप दिल्ली पहुँचे नहीं हरे-हरे नोट लगे बरसने, न जाने कौन पेड़ उगे हैं दिल्ली में, भईया जो भी जाता है भर लाता है जेबें।

अब इस राम शरण को ही ले लो नाक बहती रहती थी होठों तक, कुरते की बाजू चमड़ा हुई रहती थी, नाक कन्धे से रगड़ते-रगड़ते। स्कूल में एक शब्द नहीं निकलता मुहँ से किताब हाथ में लिए ऐसे थर-थर काँपता था, मानों खड़ा कर दिया हिमालय पर्वत की चोटी पर। अब देखो शाही शान झक्क सफेद कपड़े, चेहरे पर पोड़र-क्रीम, बालों में तेल-फुलेल की महक दस हाथ पहले ही खबर लग जायेगी आ रही है सवारी राम शरण साहब की। फिर लड़की देने में कौन गुरेज करता, अरे एक के साथ एक फ्री भी तैयार है, कोई हाँ तो भरे। शादी के लिए पास के ही गाँव की लड़की राम दुलारी को पसन्द किया, जो आठ-दस हजार कमा के लाया था, बैंड-तासे बाजा शादी क्या माँ-बाप की जीवन भर की साध पूरी हो गई थी।

## वास्तुशास्त्र

**डॉ. सुरेन्द्र वर्मा**

# तिजोरी रखने की सर्वोत्तम दिशा

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में तिजोरी या धन रखने की जगह का सही दिशा में होना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि तिजोरी सही दिशा में रखी जाए तो घर में धन की वृद्धि होती है और आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं। वहीं, गलत दिशा में रखी तिजोरी से धन हानि, खर्चों में वृद्धि और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, तिजोरी रखने के लिए सबसे उत्तम दिशा उत्तर दिशा मानी जाती है। उत्तर दिशा को भगवान कुबेर की दिशा कहा जाता है, जो धन के स्वामी हैं। यदि तिजोरी उत्तर दिशा में रखी जाए और उसका दरवाजा दक्षिण की ओर खुले, तो यह धन की वृद्धि और स्थायित्व में सहायक होता है। कई लोग अनजाने में तिजोरी को दक्षिण दिशा में रख देते हैं, लेकिन यह वास्तु दोष उत्पन्न करता है। दक्षिण दिशा यमराज की दिशा मानी जाती है, जो नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती है। इस दिशा में तिजोरी रखने से धन हानि, अधिक खर्च और आर्थिक अस्थिरता आ सकती है।

यदि उत्तर दिशा में तिजोरी रखना संभव न हो तो पूर्व दिशा में भी इसे रखा जा सकता है। यह दिशा सूर्यदेव की होती है जो उन्नति और सफलता का प्रतीक माने जाते हैं। तिजोरी का दरवाजा पश्चिम दिशा की ओर खुलना चाहिए ताकि घर में धन की आवक बनी रहे।

**तिजोरी रखने के अन्य वास्तु नियम**

**तिजोरी का रंग हल्का पीला, सफेद या क्रीम रंग का होना शुभ माना जाता है।**

**तिजोरी को नियमित रूप से साफ करें और उसमें सुगंधित धूप-दीप जलाएं।**

**तिजोरी के दरवाजे पर लाल रंग का स्वस्तिक बनाएं, इससे धन की वृद्धि होती है।**

## संस्मरण

**अनूपा हरबोला**

# शैतान बच्चा

बात सिर्फ एक महीने पहले की है,मेरे पति जिस कंपनी में कार्य करते थे उसी कंपनी द्वारा संचालित स्कूल में, मैं पढ़ाती थी। मेरे पति को दूसरी जगह से ऑफर मिला तो उन्होंने वहाँ त्यागपत्र दिया,पति के साथ मुझे भी अपनी नौकरी से त्यागपत्र देना पड़ा। तीन महीने के नोटिस पीरियड की समाप्ति पर ही मुझे रिलीव किया जाना था तो मैंने तीन महीने पूर्व त्यागपत्र दिया और स्कूल प्रशासन से अनुरोध किया कि वे इस बात को ज़ाहिर न करें,पर आग़ लगने पर शांति कैसे रहेगी,ये बात सबको पता चल ही गई। मैं बोर्ड क्लास को पढ़ाती थी तो बच्चों से मैंने अनुरोध किया कि वो भी मेरा साथ दे सिलेबस पूरा करने में।समझदार बच्चों की तरह बच्चों के सहयोग से मैंने अपना कार्य पूरा किया। समय आगे जाता ही है,मेरे जाने की 27 तारीख भी आने लगी। विदाई समारोह मुझे और मेरे पति को मिलने लगे.

स्कूल की तरफ से भी मुझे भी विदाई मिली ,उस स्कूल का नियम था कि जाने वाले को परिवार सहित बुलाया जाता है,मेरे पति भी मेरे विदाई समारोह में आए। नियम के अनुसार कुछ कुछ लोग मेरे बारे में अच्छा अच्छा बोल रहे थे। फिर बच्चों की भीड़ में से एक हाथ उठा, वो हाथ था स्कूल के सबसे बिगड़े बच्चे का। उसे बोलने को बोला गया,वो माइक के पास आया। उसने अपने व्यवहार के अलग सबको नमन किया,और बात की शुरुआत मेरे पति को संबोधित करते हुए की। सर,आप इस दुनिया के सबसे बुरे इंसान हो,मुझे आपसे नफरत है।" सब हक्के बक्के रह गए,मुझे भी अजीब लगा। उसकी बात सुनकर मेरे पति उसके पास गए उसका हाथ पकड़ कर बोले, "क्यों नफरत है तुम्हें मुझसे? उसका उत्तर चौंकाने वाला था. सर आप तो जा रहे हो पर जिस इंसान से मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूँ उसे भी आप अपने साथ ले जा रहे हो, अपनी माँ के जाने के बाद जिसमें मैंने माँ को पाया आज वो भी जा रही है",ऐसा बोल कर वो फूट फूट कर रोने लगा ।सभागार में बैठे सभी लोगों की आंखें नम हो गई। मैंने तुरंत उसे गले लगा लिया,वो मुझसे लिपट कर ऐसे रोया जैसे कोई छोटा बच्चा रोता है. अभी इस संस्मरण को लिखते समय मेरी आंखें फिर भीग गई।

## ज्ञान

# शिवलिंग के सामने क्यों बजाई जाती है तीन बार ताली?

आपने मंदिर में शिवलिंग के सामने लोगों को तीन बार ताली बजाते हुए देखा होगा। इसके पीछे क्या कारण हैं। क्यों भगवान शिव के मंदिर में शिवलिंग के सामने तीन बार ताली बजाई जाती है। आपको बता दें कि मंदिर में शिव लिंग को सामने एक बार नहीं तीन बार ताली बजाई जाती है। महाशिवरात्रि व्रत के दिन यह उपाय बहुत खास माना जाता है।

इसका विशेष फल महाशिवरात्रि पर मिलता है। ऐसा कहा जाता है कि महाशिवरात्रि पर ही नहीं सामान्य भी आप शिव मंदिर में पूजा करने जाते हैं, तो शिवलिंग के सामने तीनों तालियों का अर्थ अलग-अलग होता है।

यहां हम आपको यह भी बताएंगे कि शास्त्रों में किसके ताली बजाने के बारे में बताया गया है। इसका वर्णन हमेंकई शास्त्रों में इसका वर्णननहीं मिलता है, लेकिन इसको लेकर अलग-अलग लोगोंके अलग-अलग मत हैं।

ऐसा कहा जाता है कि तीन बार ताली बजाने से भगवानशिव प्रसन्नहोते हैं। पहली ताली क मतलब अपनी उपस्थिति उनके सामनेदर्ज कराना होता है। दूसरी ताली का मतलब अपनेमनोकामना उन तक पहुंचाना होता है और भगवान उनके सभी भंडारे भरे रहें। तीसरी ताली का मतलब उन क्षमा याचना कर उनकी शरणागति में आना होता है।

कथावाचक प्रदीप मिश्रा के अनुसार शिव मंदिर में तीन ताली का दान करना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि वहां जो लोग भी वहां, अभिषेक, तप औप पूजा कर रहे होते हैं, उनकेसभी पुण्य कर्म हमारे खाते में आ जाते हैं। उनके अनुसार रावण नेसबसे पहले भगवान शिव के सामने तालीबजाई थी और उनको सोने की लंका मिल गई। ऐसा कहा जाता है कि भगवान राम ने लंका में जाने से पहले रामेश्वरम में भगवान शिव की पूजा से पहले तीन ताली बजाई थी।

## आलेख

**डॉ. लता सुमन्त**

# कलम की देवी - महाश्वेतादेवी

भारतीय साहित्यकारों में मूर्धन्य एवं यशस्वी लेखिका महाश्वेतादेवी वर्तिका के संपादक श्रेष्ठ कवि मनीष घटक की सुपुत्री हैं.14जनवरी 1926 में जन्मी,सशक्त साहित्यिक परंपरा में पली -बढी जीवन के यथार्थ तथा कटु अनुभवों को गले लगाने वाली लेखिका के साहित्य में मिट्टी की सोंधी -सोंधी खुश्बू आती है जो हमारी चेतना को बनाए रखती है.उनके साहित्य में निरुपित जीवन की वास्तविकता हमारे मन को ,हमारी भावनाओं को झकझोर देती है.उनके - नीलछबि उपन्यास की नायिका मॉडर्न स्त्री है.वह संबंधों को खुलकर जीने में मानती है.किसी भी रिश्ते को घसीटना उसके स्वभाव में नहीं है.अभ्र के साथ वह अपने आप को बाँधकर नहीं रख पाती और वरुण के साथ जुड़ जाती है.मगर अभ्र फिर भी उसके साथ जुड़ा रहता है.महत्वाकांक्षी होने के कारण वह अपने आपको सफलता की उँचाइयों पर देखना चाहती थी.शायद यही वजह थी जो वह अपनी बेटी को वेतनभोगी नौकर , अबाध स्वाधीनता और अपार पैसा दे पाती है मगर माँ की ममता नहीं.इस कहानी के व्दारा लेखिका ने समाज की उन युवतियों का चित्रण किया है जो अपने माता - पिता की अनुशासनहीनता तथा उनकी व्यस्तता का भोग बनती हैं.जिसके कारण वह समाज के उन दरिन्दों के हाथ लग जाती हैं जो उन्हें नशीली दवाओं का भोग बनाकर उनकी मजबूरी और बेबसी का फायदा उठाकर उनकी मासूमियत को ब्लू फिल्मों के व्दारा बाजारवाद का हिस्सा बना देते हैं. सुदिक्षणा अपने पति कि तथाकथित राजनीति की कट्टर समर्थक है. खुद भी शासक दल व्दारा समर्थित सांस्कृतिक जगत् की एक प्रमुख व्यक्ति . वह जुलूस निकालती है, सभा में भाषण देती है. इसके अलावा लेखिका ने समाज के उस वर्ग का भी चित्रण किया है जो बदनाम है और कानून की नजरों में गुनहगार. कलकत्ता के जेबकतरों के बादशाह ने अभ्र से कहा - दादा , मैंने धंधा छोड़ दिया है. अब इस धंधे में इज्जत नहीं है.फिर जिस धंधे में भले घर की औरतें पडी हों , वहाँ अब हम जैसों का काम नहीं और फिर सस्ते और नकली गहने पहनने लगे हैं लोग.जान पर खेलकर नकली गहने नहीं चुराने हैं. कलकत्ते की विख्यात वेश्या सावित्री ने कहा था -भद्र घरों की लड़कियाँ अब कोठी लेकर पेशा कर रही हैं ऐसे में हम अपना पेशा कैसे चलायें? पहले हमारी लाइन के भी कुछ नियम थे. वेश्या होने के लिये सधवा होना जरूरी था. चाहे तुम किसी पेड़ से शादी कर लो या सिल पत्थर से , बिना शादी किये तुम इस लाइन में नहीं आ सकतीं. पर अब हमारा सबकुछ चला गया.इनकी तलाक कहानी की नायिका कूलसम ने अपने पैंतीस वर्ष के वैवाहिक जीवन में आसगर के अलावा और किसी को नहीं जाना था.वहीं आसगर जब उसे तलाक दे देता है तब वह सब कुछ छोड़कर केवल पैसे लेकर अपनी बहन के पास चली जाती है.लंबे समय के बाद वक्त जब एक - दूसरे को सामने लाकर खडा कर देता है तब दोनों एक -दूसरे के बिना टूट चुके होते हैं. आसगर से दूर रहकर उसने समाज का तथा समाज के लोगों का कलुषित चेहरा पहचान लिया था.

पैर की तकलीफ के कारण आसगर कूलसम का हाथ थामना चाहता है, परन्तु कूलसम अपने हाथ की लकडी उसे थमाकर अपने मार्ग पर आगे बढ जाती है.अब वह पुराने रिश्ते को फिर से संवारने के लिये तथा मुड़कर वापस लौटने के लिये तैयार न थी.रूपसी मान्ना -कहानी में समाज व्दारा प्रताडित नारी का चित्रण किया गया है.इनकी नारियाँ कठिन परिस्थितियों का मुँह तोड़ जवाब देती हैं तथा अपने जीवन समस्याओं का हल खुद ही ढूँढ लेती है.जवान रुपसी सोलह वर्ष की अवस्था में ही खून के इल्जाम में जेल चली जाती है.मियाद पूरी करके जब वह वापिस लौटती है तब विधवा रूपसी पति की तस्वीर के साथ गृहप्रवेश करती है. अपने लिये - कहानी की नायिका विधवा मुक्ति अडसठ वर्ष की अवस्था में आकर अपने बारे में सोचती है.समाज की ठोकरें तथा अपनों के परायेपन के एहसास ने उसे अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के काबिल बना दिया था.उसका एक प्रेमी उसे बहत्तर वर्ष की अवस्था में मिलता है तो कहता है - तुम्हारा भी कोई नहीं है मेरा भी कोई नहीं है.अगर आओगी तो सिर पर बिठाकर रखूँगा.परंतु हिचकिचाता हूँ. मुक्ति अभयदान देकर प्रसन्न मन से उसके एक कमरे के घर में प्रवेश करती है.इनकी यशोवन्ती - कहानी में बंगाल कि एक विशिष्ट प्रथा क्षेत्रज प्रथा का निरुपण हुआ है.उस समय ठाकुर घराने तथा राजघरानों से संबंध स्थापित किये जाते थे.

उनके खानदान की बहू कुँवरसाहब का दिल लुभा लेती है.उसके साथ संबंध स्थापित कर कुँवरसाहब पुत्र की प्राप्ति करते हैं.ऐसी क्षेत्रज संतान को जन्म देनेवाली माता को उच्चकुलों में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था तथा परिवार के सदस्य के रूप में उसे कुछ विशेष अधिकार भी प्राप्त होते थे.मगर वही यशोवन्ती अपने पति तथा परिवार केसाथ किस तरह का जीवन व्यतीत करती है तथा किस तरह की मानसिक यातनाओं का भोग बनती है.इस तरह से लेखिका ने यशोवन्ती की नारी व्यथा का सुन्दर निरुपण किया है.

## कविता

# झरना



झर-झर बहता झरना है
नदियों का यह कहना है,
ठंडी हवा एहसास दिलाये,
आओ साथी नदी में
नहाएं ,
ठंडी हवा संगीत सुनाए ,
और पंछी डालों पर गीत सुनायें ,
फुल की डाली झूम-झुम जाये ,
मस्ती में मछलियां नाच
रही हैं,
मेरे मन को भा रही हैं ,
झर-झर बहता झरना है ,
नदियों का यह कहना है .

**- सुमय्या परवीन अंसारी**
**कक्षा 7 (ब), अंजुमन हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज,सदर, नागपूर.**


दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परररी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# चंदनखेड़ा में निशुल्क मोबाइल अस्पताल गरीबों के लिए वरदान

**चंद्रपुर.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब , मजदूर वर्ग और हाशिए पर पड़े नागरिकों को मुफ्त , प्रभावी और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों । इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने देश में सार्वजनिक कंपनियों और उद्योगों को सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए मजबूर किया । प्रधानमंत्री के विजन में निःशुल्क मोबाइल अस्पताल सेवा का बहुत बड़ा योगदान है । राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने कहा कि चंदनखेड़ा एवं उसके आसपास गैस प्राधिकरण द्वारा स्थापित निःशुल्क मोबाइल अस्पताल इस नीति का प्रतीक है और यह मोबाइल अस्पताल भद्रावती तालुका के गरीब लोगों के लिए वरदान साबित होगा ।

6 फरवरी को भद्रावती तालुका के चंदनखेड़ा में भारतीय गैस प्राधिकरण के सामाजिक उत्तरदायित्व कोष के अंतर्गत एक निःशुल्क मोबाइल अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।





कार्यक्रम में वरोरा विधायक करण देवतले , गेल के कार्यकारी निदेशक अनूप कुमार गुप्ता , निदेशक रविकांत कोल्हे , महाजन , डॉ. भगवान गायकवाड़ , अशोक हजारे , प्रशांत डाखरे , पूर्व जेआईपी सदस्य , मारोती गायकवाड़ , पूर्व जेआईपी सदस्य विजय वानखेड़े, पूर्व महापौर संजय वासेकर, पूर्व प.स. अध्यक्ष विद्या कांबले , इंदुताई नन्नावारे पूर्व अध्यक्ष , भारती उरकुडे , महेश टोंगे , विठ्ठल हनवटे , डॉ. सागर वझे , सुरेश महाजन , बंडू नन्नावरे , संजय देवताले , डेविड बागेसर , विठ्ठल कपकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । अपने संबोधन के दौरान हंसराज अहीर ने कहा कि यह मोबाइल अस्पताल चंदनखेड़ा और भद्रावती तालुका के कई गांवों में विभिन्न बीमारियों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों के लिए फायदेमंद होगा । उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के सभी वर्गों के मरीजों से इस मोबाइल अस्पताल का लाभ उठाने की अपील की । उन्होंने कहा कि , तीन साल पहले राजुरा विधानसभा क्षेत्र में दो ऐसे मोबाइल एम्बुलेंस अस्पताल शुरू किए गए थे । आज तक हजारों नागरिक इस अस्पताल का लाभ उठा चुके हैं । चूंकि यह अस्पताल घर-आधारित रोगी देखभाल प्रदान करता है , इसलिए इसे नागरिकों से भारी प्रतिक्रिया मिल रही है ।" हंसराज अहीर ने यह भी कहा कि चंदनखेड़ा में लोकार्पित इस अस्पताल से मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी और मरीजों की कमी दूर होगी , जिससे यह अस्पताल नागरिकों के जीवन के लिए बहुमूल्य बन जाएगा ।

इस अवसर पर विधायक करण देवतले और गेल के कार्यकारी निदेशक अनूप कुमार गुप्ता ने भी उपस्थित लोगों को समय पर मार्गदर्शन प्रदान किया । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गजु रणदिवे , संतोष हनवटे , बालाजी मगमवार , चंपत भारदे और अन्य ने कड़ी मेहनत की ।

# पोंभूर्णा के सात किसानों का राज्य स्तर पर चयन

**पोंभूर्णा** .वर्ष 2023-24 में नवीन प्रयोगों के माध्यम से अपनी कृषि आय में वृद्धि करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने तथा क्षेत्र के अन्य किसानों को मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा रबी मौसम के दौरान पांच विभिन्न फसलों (ज्वार, गेहूं, ज्वार, चना और अलसी) के लिए एक अंतर-राज्य फसल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। रबी सीजन 2023 के लिए राज्य स्तरीय परिणाम घोषित कर दिए गए हैं और राज्य स्तर पर पोंभूर्णा तालुका के 7 किसानों का चयन किया गया है। फसल के लिए सामान्य समूह से प्रथम स्थान लीला राम उद्धव पिदुरकर, द्वितीय स्थान तुलशी राम भिवाजी मोरे, तृतीय स्थान यशवंत विश्वनाथ काले तथा फसल के लिए आदिवासी समूह से प्रथम स्थान हरिशचंद्र आनंदराव कोडापे, द्वितीय स्थान तुलशी राम गोसाई जुमनाके, तृतीय स्थान



कुसुमबाई आनंदराव कोडापे तथा चना की फसल के लिए आदिवासी समूह से द्वितीय स्थान सुंदरशाह सोनू जुमनाके को प्राप्त हुआ है। उपरोक्त सभी किसान चक खपरी गांव के हैं और गांव व तालुका का नाम राज्य स्तर पर रोशन हुआ है। राज्य स्तरीय फसल प्रतियोगिता के विजेता किसानों को प्रथम स्थान के लिए 50,000 रुपये तथा द्वितीय स्थान के लिए 40,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। तथा तीसरे स्थान पर 30000 रु. पुरस्कार एक मौद्रिक राशि है। उपरोक्त सभी विजेता प्रतियोगी किसानों को तालुका कृषि अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। किसानों ने संतोष व्यक्त किया है कि यह सफलता किसानों के प्रयासों और कृषि विभाग के समय पर दिए गए मार्गदर्शन के कारण प्राप्त हुई है। यह निश्चित रूप से तालुका के लिए गर्व की बात है और सभी विजेता किसानों को बधाई, इससे अन्य किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों को नई तकनीक अपनाकर फसल प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहिए। हर साल खरीफ और रबी सीजन के दौरान फसल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ऐसी जानकारी चंद्रकांत निमोद, तालुका कृषि अधिकारी पोंभूर्णा ने दी.

# जुर्माने में राहत केवल 15 फरवरी तक रहेगी

> 5241 संपत्ति मालिकों को लाभ मिला

> ऑनलाइन 50 प्रतिशत तथा ऑफलाइन 45 प्रतिशत छूट पर भी कर का भुगतान

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर महानगरपालिका द्वारा 15 फरवरी तक बकाया सहित एकमुश्त संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को दंड में छूट प्रदान की जा रही है। ऑनलाइन कर का भुगतान करने पर 50 प्रतिशत तथा ऑफलाइन कर का भुगतान करने पर 45 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। चूंकि यह छूट केवल 15 फरवरी तक ही उपलब्ध है, इसलिए चंद्रपुर महानगरपालिका अधिक से अधिक संपत्ति मालिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील कर रही है।

अब तक 5241 संपत्ति मालिकों को इस योजना का लाभ मिला है और इस योजना के तहत कुल 3 करोड़ 96 लाख 58 हजार 420 रुपये का भुगतान किया गया है। 15 फरवरी के बाद जो संपत्ति मालिक बकाया सहित अपना पूरा कर अदा करेंगे, उन्हें ऑनलाइन भुगतान करने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, तथा ऑफलाइन भुगतान करने पर 22 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट 31 मार्च तक लागू रहेगी तथा कर भुगतान को सुविधाजनक बनाने के लिए संपत्ति कर भुगतान कार्यालय 31 मार्च तक प्रत्येक अवकाश के दिन भी खुला रहेगा। .

नगर निगम क्षेत्र में 80,000 से अधिक संपत्तियां हैं, तथा सम्पूर्ण संपत्ति के माध्यम से प्रतिवर्ष मांग दर्ज की जाती है। करदाताओं को कर नोटिस भेजकर कर का भुगतान करने का अनुरोध किया जाता है। करों का भुगतान न करने पर जुर्माना लगाया जाता है और कुछ मामलों में संपत्ति भी जब्त कर ली जाती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अधिकतम वसूली हो और उसका उपयोग शहर के विकास कार्यों के लिए किया जाए, प्रणाली ने सख्ती से काम करना शुरू कर दिया है।

चंद्रपुर महानगरपालिका की अपनी आय बढ़ाने तथा कर्मचारियों के वेतन और नगरपालिका के अन्य छोटे-मोटे खर्चों को अपनी आय से पूरा करने के लिए सरकार ने संपत्ति कर की वसूली को नियमित और प्रभावी बनाने के लिए महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम में संशोधन किया है तथा निर्धारित अवधि के बाद दंड लगाने का प्रावधान किया है। नगर निगम को ऐसे दंड से पूर्ण या आंशिक छूट देने का अधिकार है। नगर निगम ने संपत्ति कर के प्रभावी संग्रहण तथा संभावित लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुर्माने में छूट की घोषणा की है। चंद्रपुर नगर निगम 15 फरवरी से पहले इस जुर्माना माफी का लाभ उठाने की अपील कर रहा है।



# सामान्य नागरिकों के काम को प्राथमिकता दें: विधायक भोंगले

> समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**राजुरा, संतोष कुंदोजवार**


राजुरा तालुका में बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने और लंबित मुद्दों को हल करने के लिए, विधायक देवराव भोंगले की अध्यक्षता में राजुरा में तहसील कार्यालय के हॉल में तालुका के प्रशासनिक अधिकारियों की एक मैराथन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक दोपहर एक बजे शुरू हुई और रात नौ बजे तक चली। इस बैठक में तालुका में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। आगामी समय में इस क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए किस प्रकार नवीन पहल लागू की जा सकती है तथा रुके हुए विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों का किस प्रकार समाधान किया जा सकता है, इस पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें तथा ऐसा व्यवहार और कर्तव्य हो कि कार्यालय में काम कराने आए नागरिकों के चेहरे पर कार्यालय से बाहर निकलते समय संतुष्टि दिखे। समीक्षा के दौरान, सभी को सलाह दी गई कि वे अपने कार्यालयों को अद्यतन रखने पर ध्यान केन्द्रित करें तथा आने वाले दिनों में लोक सेवक के रूप में सतर्क और अद्यतन रहें।

बैठक में उपविभागीय अधिकारी रविन्द्र माने, तहसीलदार ओमप्रकाश गोंड, संवर्ग विकास अधिकारी हेमंत भिंगारदिवे, मुख्य अधिकारी सागर मुलिक, पुलिस निरीक्षक योगेश्वर पारधी, वन निरीक्षक सुरेश येलकेवाड, वन निरीक्षक प्रकाश झाड़े, सभी विभाग प्रमुख, भाजपा जिला महासचिव विवेक बोढे, तालुका महासचिव वामन तुरणकर, बालनाथ वडसकर, शहर अध्यक्ष सुरेश रागित, दिलीप गिरसावाले, सचिन डोहे, अजय राठोड, नितिन वासडे, सिनु पांझा सहित तालुका के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारतीय बाल बैंक के नोट देकर धोखाधडी

**गडचांदुर.**

जाली मुद्रा प्रत्येक देश के सामने एक प्रमुख आर्थिक संकट है। नकली नोट देश की अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकते हैं। हम बचपन से ही करेंसी नोटों को छूते आ रहे हैं। उन नोटों में एक खास स्पर्श होता है। इस स्पर्श से भी कोई अंदाजा लगा सकता है कि नोट असली है या नकली। भारतीय रिजर्व बैंक नकली भारतीय नोटों के प्रचलन को रोकने के लिए कई कदम उठा रहा है। भारत में नकली नोट रखना एक अपराध है, फिर भी कुछ लोग नकली नोटों को प्रचलन में ला रहे हैं। हालांकि, रविवार 2 फरवरी को उपरवाही के साप्ताहिक बाजार में एक चौंकाने वाली और हास्यास्पद घटना सामने आई है। यहां एक अज्ञात व्यक्ति ने बच्चों के खेल 'भारतीय बच्चों का बैंक' से सौ-पचास रुपये के नकली नोट प्रचलन में ला दिए और बड़े मजे से गरीब सब्जी विक्रेताओं को ठग लिया।




विस्तार से बता दें कि कोरपना तालुका के गड़चांदुर पुलिस स्टेशन की सीमा में आने वाले उपरवाही गांव में हर रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। यह बाजार अंबुजा सीमेंट कंपनी के मुख्य द्वार से उपरवाही गांव की ओर जाने वाली सड़क पर है। स्थानीय लोग और अंबुजा सीमेंट कंपनी के कर्मचारी यहां सब्जियां और अन्य सामान खरीदने आते हैं। 5 से 6 घंटे तक चलने वाले इस बाजार में शाम के समय काफी भीड़ होती है। इसका फायदा उठाकर कुछ चालाक लोगों ने गरीब सब्जी विक्रेताओं को बच्चों के खेल में इस्तेमाल होने वाले सौ-पचास रुपये के नकली नोट देकर उनसे सामान खरीद लिया है। जब एक सब्जी विक्रेता ने यह देखा तो कुछ अन्य विक्रेताओं ने भी उन्हें नकली नोट दिखाए और कहा कि उनके साथ भी ठगी हुई है। इस मामले से साफ है कि वे दुकानों में आसानी से उपलब्ध 'भारतीय बच्चों का बैंक' लिखे नकली नोट लेकर ठगी कर रहे हैं और फिर समय-समय पर उन्हें बदल रहे हैं। कहा जा रहा है कि दुकानदारों को भीड़-भाड़ में ग्राहकों के नोटों पर ध्यान देने की जरूरत है। यहां बाहर से बहुत से लोग काम के लिए आए हैं। अब ये लोग ये काम कर रहे हैं, स्थानीय लोग हैं या बाहरी लोग? ठगी का शिकार हुए सब्जी विक्रेताओं ने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बताना मुश्किल है। यहां जो घटना हुई है वह गंभीर है और धोखाधड़ी से बचने के लिए सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गई है ताकि अन्य बाजारों या भीड़भाड़ वाली जगहों पर ऐसा दोबारा न हो।

# जिला न्यायालय भवन के निर्माण के लिए मुनगंटीवार की विशेष पहल

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर के विधिक क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले तथा मत्स्य पालन मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने जिला न्यायालय के नए विस्तारित भवन के लिए पहल की। वे सिर्फ प्रस्ताव बनाकर ही नहीं रुके, बल्कि लगातार उस पर अमल भी करते रहे। इस भवन का भूमिपूजन समारोह 8 फरवरी को होने वाला है। चंद्रपुर के विधिक क्षेत्र ने विधायक सुधीर मुनगंटीवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी कड़ी मेहनत के कारण ही यह दिन आया है।

मुनगंटीवार के लगातार प्रयासों से चंद्रपुर में जिला न्यायालय के लिए एक नए विस्तारित भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए 60 करोड़ 76 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। 2017 से लंबित यह मुद्दा मुंगंटीवार के प्रयासों से हल हो गया है। भवन का भूमिपूजन समारोह 8 फरवरी, 2025 को दोपहर 12.40 बजे सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति भूषण गवई द्वारा न्यायमंदिर, जिला न्यायालय में किया जाएगा। मुख्य समारोह फारेस्ट अकादमी के विद्युत हॉल में आयोजित किया जाएगा।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे, न्यायमूर्ति नितिन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति अनिल पानसरे उपस्थित रहेंगे।

जिला न्यायालय के लिए नए विस्तारित भवन का प्रस्ताव चंद्रपुर के मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सरकार को भेजा गया था। तदनुसार, महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल के सदस्य एडवोकेट. चंद्रपुर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पारिजात पांडे, एडवोकेट. अभय पाचपोर, पूर्व सचिव एडवोकेट आशीष धर्मपुरीवार, पूर्व उपाध्यक्ष एडवोकेट राजेश ठाकुर ने कहा कि, सुधीर मुनगंटीवार ने चंद्रपुर के कानूनी क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्तर पर इस मुद्दे पर कार्रवाई की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए कि यह भवन जिले में न्याय प्रक्रिया को गति देने में सार्थक बने.

इस प्रकार, सात वर्षों से लंबित मुद्दा हल हो गया। चंद्रपुर के कानूनी हलकों ने इस मुद्दे पर प्राथमिकता से ध्यान देने के लिए मुनगंटीवार के प्रति आभार व्यक्त किया है। महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल के सदस्य एडवोकेट चंद्रपुर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पारिजात पांडे, एडवोकेट. अभय पाचपोर, पूर्व सचिव एडवोकेट आशीष धर्मपुरीवार, पूर्व उपाध्यक्ष एडवोकेट राजेश ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

**12 न्यायालय हॉल और आधुनिक सुविधाएं.**

चंद्रपुर जिला न्यायालय के नए विस्तारित भवन में कुल 12 न्यायालय कक्ष होंगे। यहां आपको नवीनतम प्रणालियों और अत्याधुनिक सुविधाओं का संयोजन मिलेगा। कार्य के अंतर्गत आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण, जलापूर्ति एवं सीवेज, अग्नि शमन प्रणाली, सुसज्जित पार्किंग स्थल, वातानुकूलन प्रणाली, उच्च क्षमता वाली लिफ्ट, सीसीटीवी, पावर बैकअप आदि का प्रावधान किया गया। निर्माण के दौरान इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि न्याय प्रदान करने वाली प्रणाली और न्याय मांगने आने वाले आम आदमी को बुनियादी सुविधाओं के मामले में कोई असुविधा न हो।




# हिना पर सवाल उठाने वाली एक्ट्रेस ने की सुसाइड की कोशिश



टीवी की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान स्टेज 4 कैंसर से अपनी लड़ाई लड़ रही हैं. जब हिना को पता चला कि उन्हें कैंसर हुआ है, तब उन्हें बहुत बड़ा झटका लगा था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. आज भी वो बड़ी हिम्मत के साथ कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का सामना कर रही हैं. वो एक तरफ अपनी कीमोथेरेपी के सेशंस लेती हैं और दूसरी तरफ वो इन सेशन के बाद अपना काम कर रही हैं.

हिना खान की बहादुरी की हर कोई तारीफ कर रहा है. लेकिन कुछ दिन पहले एक्ट्रेस रोजलिन खान ने हिना खान की बातों पर कुछ सवाल उठाए थे. खुद कैंसर सर्वाइवर रहीं इस एक्ट्रेस ने ये भी दावा किया था कि हिना की सच्चाई बयान करने के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं और अब उनकी बहन ने सोशल मीडिया पर ये जानकारी शेयर की है कि नेगेटिविटी की वजह से रोजलिन ने सुसाइड करने की कोशिश की है. रोजलिन खान की बड़ी बहन अलायना ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट करते हुए लिखा कि बीती रात मेरी छोटी मानसिक रूप से बुरी तरह से टूट गई थी. मुझे सच में उसे सुसाइड करने से रोकना पड़ा. प्लीज उसे अकेले छोड़ दीजिए. रोजलिन खान, तुम स्ट्रॉन्ग रहना. रोजलिन ने अपनी बहन की इस पोस्ट को शेयर करते हुए ये कन्फर्म किया है कि बीती रात उन्होंने सच में सुसाइड करने की कोशिश की थी. साथ ही उन्होंने अपनी बहन से देर रात उन्हें परेशान करने के लिए माफी भी मांगी है. रोजलिन खुद एक कैंसर सर्वाइवर हैं. रोजलिन का कहना है कि हिना जो बातें बता रही हैं, वो सच्चाई से मेल नहीं खातीं. उन्होंने हिना के डॉक्टर पर भी सच्चाई छिपाने का इल्जाम लगाया है. रोजलिन के मुताबिक अगर हाथी को कीमोथेरेपी दी जाए तो वो भी बैठ जाता है. हम तो इंसान है. कैंसर की थेरेपी, रेडिएशन ट्रीटमेंट इतना आसान है, जितना हिना खान ने लोगों को दिखाया है? इतना ही नहीं रोजलिन ने हिना खान से ये भी अपील की थी कि वो सबके सामने इन सवालों का जवाब दें.हिना पर सवाल उठाने के बाद रोजलिन की तरफ से ये दावा भी किया गया था कि हिना खान के फैंस उन्हें धमकियां दे रहे हैं और इन धमकियों की वजह से उनकी मेन्टल हेल्थ पर असर हो रहा है. उन्होंने ये भी कहा था कि उन्हें लग रहा है धमकी देने वाले हिना के करीबी दोस्त या रिश्तेदार होंगे. हालांकि हिना खान की तरफ से रोजलिन को किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया गया है.

# दो बच्चों की मां हैं उर्वशी



टीवी सीरियल कसौटी जिंदगी की में कोमोलिका का किरदार निभाकर पॉपुलर हुईं टीवी एक्ट्रेस उर्वशी ढोलकिया आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। हालांकि प्रोफेशनल लाइफ से इतर उर्वशी की पर्सनल लाइफ काफी उतार-चढ़ाव वाली रही। एक्ट्रेस का 18 साल की उम्र में तलाक हो गया था और तब वो दो बच्चों की मां थीं। अब एक इंटरव्यू में उर्वशी ने इस पूरे मामले पर खुलकर बात की है। हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में उर्वशी ने बताया कि वो 16 साल की थीं जब उनकी शादी हो गई थी। शादी के दो साल बाद उन्होंने तलाक के लिए अर्जी लगा दी थी। एक्ट्रेस के दो जुड़वा बेटे क्षितिज और सागर हैं। उर्वशी ने बताया कि उनके दोनों बच्चों ने कभी अपने पिता के बारे में जानने में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

उर्वशी ने कहा, 'हमने इस बारे में बातचीत की लेकिन उन्होंने कहा कि वो जानना नहीं चाहते। इस बारे में वो बहुत क्लियर थे। ये उनकी च्वाइस थी। मैंने उन्हें बताने की बहुत कोशिश की लेकिन वो जानना ही नहीं चाहते थे। इसके बाद मैं भी भूल गई।'


# निक की परफॉर्मेंस ने बांधा समां



प्रियंका चोपड़ा वैसे तो अक्सर ही सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं, लेकिन इधर बीच एक्ट्रेस अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. हाल ही में एक्ट्रेस अपने भाई की संगीत फंक्शन को एंजॉय करती नजर आई हैं. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का एक वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वो अपनी होने वाली भाभी नीलम उपाध्याय के साथ जमकर मस्ती करती दिख रही हैं. केवल प्रियंका ही नहीं बल्कि उनके पति निक जोनस और घर के बाकी सदस्य भी साथ में डांस करते नजर आ रहे हैं. प्रियंका चोपड़ा, भाई सिद्धार्थ की संगीत फंक्शन में ब्लू कलर के आउटफिट में काफी खूबसूरत दिख रही हैं. साथ ही निक ने भी उनके कपड़ों के साथ कॉर्डिनेट करके अपना भी आउटफिट पहना है. जहां प्रियंका भी के साथ बॉलीवुड के गानों पर झूमती दिख रही हैं, तो वहीं निक भी अपने गानों से लोगों को इंप्रेस करने में कसर नहीं छोड़ रहे हैं. प्रियंका चोपड़ा और निक की परफॉर्मेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा धूम मचा रहा है.

एक वीडियो में प्रियंका निक के गानों पर खुलकर डांस करती दिख रही हैं. फंक्शन के दौरान निक स्टेज पर फुल रॉकस्टार मोड पर नजर आ रहे हैं. वहीं प्रियंका ने कई गानों पर परफॉर्म किया है, जिसमें उनकी फिल्म '7 खून माफ' का गाना 'डार्लिंग', शाहिद कपूर की फिल्म 'दिल मांगे मोर' का टाइटल ट्रैक, 'कमीने' फिल्म का गाना 'धन ते नान' और फिल्म 'ब्राइड एंड प्रिज्युडिस' का गाना 'बल्ले बल्ले' शामिल हैं.

# इंडियन डिप्लोमैट के रोल में छाए जॉन



जॉन अब्राहम ने हीरो से लेकर विलेन तक, हर तरह के किरदार पर्दे पर निभाए हैं. अब वो इंडियन डिप्लोमैट के रोल में पर्दे पर नजर आने वाले हैं. वो 'द डिप्लोमैट' के नाम से एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है. टीजर में जॉन का किरदार काफी प्रभावशाली लग रहा है. टीजर की शुरुआत विदेश मंत्री एस जयशंकर के वीडियो क्लिप से होती है. वो कहते हैं, "दुनिया के सबसे बड़े डिप्लोमैट कौन थे? सबसे बड़े डिप्लोमैट श्री कृष्ण थे और एक हनुमान जी थे." इस छोटे से क्लिप के बाद जॉन अब्राहम की एंट्री होती है. वो आते हैं और पूछते हैं कि क्या प्रॉब्लम है. उसके बाद एक महिला उनके सामने भारतीय नागरिक होने का दावा करती है.

जॉन उस महिला से पूछताछ करते नजर आते हैं और कहते हैं,कुछ छुपाना मत, वरना मुश्किल हो जाएगी तुम्हारे लिए.उसके बाद जॉन का एक साथी उनसे कहता है कि आईएसआई वाले हमारा पीछा ही नहीं छोड़ रहे, इस पर जॉन बोलते हैं,ये पाकिस्तान है बेटा,आदमी हो या घोड़ा सीधा नहीं चलता. हमेशा ढाई कदम. जॉन अब्राहम इस फिल्म में ऑफिसर ऑफिसर जे.पी. सिंह का किरदार निभा रहे हैं. इंडियन डिप्लोमैट के किरदार में वो काफी जच रहे हैं. शिवम नायर ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है. रितेश शाह ने इस पिक्चर की कहानी लिखी है. भुषण कुमार, समीर दीक्षित, जतीश वर्मा, राकेश डांग, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे और राजेश बहल ने मिलकर इस पिक्चर को प्रोड्यूस किया है. जॉन अब्राहम भी प्रोड्यूसर्स में शामिल हैं.

# विदामुयार्ची से पुष्पा 2 के रिकॉर्ड पर खतरा?



तमिल भाषा में बनी अजीत कुमार और तृषा की ये एक्शन फिल्म 6 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को फिलहाल ओरिजिनल भाषा तमिल के अलावा तेलुगु में भी रिलीज किया गया है। पहले ही दिन मगिज थिरुमेनी की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया है और धुंआधार कमाई कर ली है। इसके साथ ही विदामुर्याची ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'पुष्पा-2' के लिए भी खतरे की घंटी बजा दी है। कैसे चलिए जानते हैं पूरी डिटेल्स:

साउथ में जब भी कोई फिल्म बड़ा बिजनेस करती है, तो मेकर्स उसके बाद उसे हिंदी भाषा में रिलीज करने का निर्णय लेते हैं। इसका बेस्ट उदाहरण पुष्पा 2, गेम चेंजर, बाहुबली 2, कांतारा और हनुमान जैसी कई बड़ी और सफल फिल्में हैं, जिन्होंने साउथ के साथ-साथ हिंदी बॉक्स ऑफिस पर भी इतिहास रच दिया है। अब इस लिस्ट में फिल्म 'विदामुयार्ची' का भी नाम जुड़ गया है।

अजीत कुमार की तमिल एक्शन ड्रामा फिल्म विदामुर्याची 1997 में रिलीज हुई अमेरिकन फिल्म 'ब्रेकडाउन' का एडप्टेशन है। फिल्म का निर्देशन पहले नयनतारा के पति विग्नेश शिविन करने वाले थे, लेकिन बाद में मूवी मगिज थिरुमेनी के हाथों में चली गई। इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर धड़ाधड़ नोट छापे हैं। तमिल भाषा में तो फिल्म का प्रदर्शन बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रहा है।

# मैं हूं ना के सीक्वल की तैयारी हुई शुरू

साल 2004 में आई शाह रुख खान की फिल्म मैं हूं ना सबको याद होगी। इस फिल्म की यादें कभी पुरानी नहीं होती। आज भी सोशल मीडिया पर फिल्म के गाने और सीन्स वायरल रहते हैं। ये पहली बार था जब किंग खान फराह खान की किसी फिल्म में काम कर रहे थे। फिल्म की सफलता के बाद फराह और शाह रुख की जोड़ी इंडस्ट्री की हिट जोड़ी बन गई थी। पिछले कुछ सालों से ऐसी चर्चा चल थी है कि फराह शाहरुख खान के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। इन खबरों के बीद मैं हूं ना 2 को लेकर भी अपडेट सामने आ गया जिसे सुनकर फैंस खुश हो सकते हैं।

एक खबर के अनुसार, मैं हूं ना 2 रेड चिलीज के बैनर तले डेवलपमेंट फेज में है। खास बात ये है कि 'मैं हूं ना' शाह रुख खान और गौरी खान द्वारा अपने बैनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित पहली फिल्म थी जो उनके दिल के काफी करीब है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि फराह ने 'मैं हूं ना 2' के लिए एक आइडिया तैयार कर लिया है और सीक्वल की कहानी भी अभिनेता को पसंद आई है।फराह खान मौजूदा समय में अपनी राइटर्स और रेड चिलीज के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं। हालांकि इन खबरों पर फिलहाल अभिनेता या डायरेक्टर की तरफ से कोई रिएक्शन नहीं आया है।

# पति को गे समझती थी ये डायरेक्टर



फिल्मी गलियारों में फराह खान अपनी बेबाकी के लिए मशहूर हैं। वह बिना झिझक अपनी बात लोगों के सामने रखती हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि वह अपने पति शिरीश कुंदर को गे समझती थीं। फराह खान हाल ही में कॉमेडियन और एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह के पॉडकास्ट में शामिल हुईं। इस पॉडकास्ट में अर्चना से फराह और उनके पति शिरीश की इक्वेशन के बारे में सवाल किया। इस पर डायरेक्टर ने ऐसा जवाब दिया जिसकी शायद किसी को भी उम्मीद नहीं थी।

फराह खान ने बताया कि पहले वह अपने पति को गे समझती थीं और उनसे नफरत भी करने लगी थीं। फराह ने कहा, "मैं उनसे नफरत करती थी। 6 महीनों तक मैं उन्हें गे समझती रही।" अभी भी नफरत करने के सवाल पर फराह ने कहा, "नहीं। अब मुझे उसकी आदत हो गई है। अब 20 साल हो गए हैं। पहले वह बहुत गुस्सा होता था और जब उसे गुस्सा आता तो बहुत चिढ़ होती थी क्योंकि वह चुप होता था और बात न करके टॉर्चर करता था।"

उम्र और धर्म की सीमाओं को प्यार के लिए तोड़ने वाली फिल्मों का निर्देशन करने वालीं फराह खान की असली प्रेम कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उन्हें अपने से 9 साल छोटे शिरीश कुंदर से प्यार हुआ। दोनों 2000 के शुरुआती दौर में मिले थे। शिरीश ने फराह की कई फिल्मों को एडिट किया है। 2004 में दोनों ने सालों तक डेटिंग करने के बाद शादी की और अब वह तीन बच्चों के माता-पिता हैं।

# हिमेश की फिल्म को पसंद कर रहे हैं लोग



फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर सिंगर और एक्टर हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडएस रवि कुमार' सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यह फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। हिमेश की फिल्म के डायलॉग और एक्शन ने लोगों का दिल जीता है। अब थिएटर में भी दर्शकों ने फिल्म को देखना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर इसके रिव्यू भी यूजर्स लगातार दे रहे हैं।

हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार बड़े पर्दे पर धमाल मचाने की तैयारी के साथ रिलीज हुई है। मूवी को देखने वालों दर्शकों का कहना है कि यह 80 के दशक की बॉलीवुड फिल्मों का जादू फिर से दोहराने की कोशिश कर रही है। कुछ लोगों ने फिल्म में एक्टर के अंदाज को पसंद किया है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे थोड़ा कमजोर भी बताया है।

बॉलीवुड में एक्शन फिल्म का जिक्र होता है, तो रणबीर कपूर की एनिमल का जिक्र जरूर होता है। एक यूजर ने बैडएस रवि कुमार की तारीफ करते हुए फिल्म को एनिमल का बाप बता दिया है। दूसरे का कहना है कि इस फिल्म के आगे पुष्पा 2 कुछ नहीं है। बता दें कि अल्लू अर्जुन की इस फिल्म ने रिकॉर्डतोड़ कमाई की है। अगर लोग हिमेश की फिल्म को पुष्पा 2 से बेहतर बता रहे हैं, तो यह तुलना अपने आप में बड़ी बात है।

एक यूजर का कहना है कि '20 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म पहले सप्ताह में ही बजट पूरा वसूल कर लेगी। 2 साल पहले टीजर आया था, तो लगा कि इसके लिए 20-25 लाख कमाना बड़ी बात होगी, लेकिन अब लग रहा है कि फिल्म धमाल मचा सकती है।' फिल्म देखने वाले लोग सोशल मीडिया पर इसके डायलॉग की तारीफ भी करते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने मूवी के कुछ जबरदस्त डायलॉग को शेयर करते हुए उन्हें दमदार बताया है। ज्यादातर दर्शकों का कहना है कि इस फिल्म को देखने वाले बोरियत महसूस नहीं करेंगे। फिल्म बैडएस रवि कुमार 80 के दशक की फिल्मों की याद दिलाती है। बता दें कि मूवी में हिमेश रेशमिया ने बेहतरीन ढंग से रवि कुमार का किरदार निभाया है। इसमें एक्शन और जबरदस्त डायलॉग्स के साथ उन्हें विलेन का सामना करते हुए देखा गया।

# रणजी ट्रॉफी: विदर्भ और तमिलनाडु के बीच क्वार्टर फाइनल आज से

**नागपुर** - रणजी ट्रॉफी का 90वां संस्करण अपने निर्णायक चरण में है और विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड पर आज से तमिलनाडु के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच शुरू होगा। यह मुकाबला 8 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा, जिसमें विदर्भ घरेलू मैदान पर खेलने के कारण सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

विदर्भ ने ग्रुप स्टेज में 7 में से 6 मैच जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें करुण नायर, यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर जैसे बल्लेबाजों ने बेहतरीन योगदान दिया है। विदर्भ के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई हर्ष दुबे करेंगे, जिनका शानदार प्रदर्शन इस सीजन में देखा गया है। इसके अलावा, अक्षय वखारे और आदित्य ठाकरे भी टीम के प्रमुख गेंदबाज हैं।



दूसरी ओर, तमिलनाडु ने ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन पिछले मैच में झारखंड के खिलाफ हार का सामना किया था। तमिलनाडु के प्रमुख बल्लेबाजों में एन जगदीसन और साई सुदर्शन शामिल हैं, जबकि साई किशोर और एस अजित राम गेंदबाजी में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। आज के मुकाबले के दौरान मौसम में सुहाना रहेगा, जिससे गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल होंगी। विदर्भ के पास घरेलू मैदान का फायदा है, जबकि तमिलनाडु के लिए यह चुनौतीपूर्ण मुकाबला साबित हो सकता है।विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड की क्षमता 45,000 दर्शकों की है और अब तक यहां 9 टेस्ट, 16 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जा चुके हैं। दोनों टीमों के बीच यह मैच रोमांचक होने की संभावना है।

# राजगीर में महिला कबड्डी विश्व कप की मेज़बानी

**नई दिल्ली.**

राजगीर को एक बार फिर खेल की सौगात दी गई है.अभी बीते कुछ दिनों पहले ही हॉकी की सफल मेजबानी से गदगद होकर खेल विभाग ने राजगीर को एक और मेजबानी सौंप दी है.अब राजगीर स्थित खेल परिसर में महिला कबड्डी विश्व कप का आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान भारत समेत कुल 15 देशों की महिला कबड्डी टीम मैच खेलेगी. कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च से 12 मार्च तक किया जाएगा.सभी गेम राजगीर स्थित स्पोर्ट्स परिसर में ही होंगे.

लगभग 13 वर्ष बाद बिहार को एक बार फिर कबड्डी की मेजबानी करने का मौका मिला है.इससे पूर्व पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वर्ष 2012 के दौरान कबड्डी का आयोजन किया जा चुका है.वहीं दूसरी और राजगीर के लिए ये इस तरह की मेजबानी का पहला मौका है.खेल के टाइमिंग को लेकर विभाग के द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है.लेकिन इसका आयोजन 07 मार्च से 12 मार्च तक होना है. महिला कबड्डी विश्वकप में कुल 15 देश शिरकत करती नजर आएगी. जिसमें भारत,पोलैंड,युगांडा,केन्या, ईरान,चाईनीज ताईपे, नेपाल, जापान, कोरिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया समेत रोमानिया और बांग्लादेश की टीम शामिल है.

# गिल और अक्षर की शानदार बल्लेबाजी की तारीफ

**नई दिल्ली.**

भारत ने पहला वनडे जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। टीम इंडिया ने नागपुर में 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 3 विकेट के नुकसान पर 221 रन बना लिए थे, लेकिन इसके बाद 235 के स्कोर तक पहुंचते-पहुंचते 6 विकेट गंवा दिए। बस यही बात रोहित शर्मा को बुरी लगी। रोहित शर्मा ने चार विकेट से जीत दर्ज करने के बाद इस पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हम इस तरह की चीजों के मामले में हर संभव प्रयास करना चाहते हैं। इसमें हम काफी हद तक सफल रहे, लेकिन मुझे लगता है कि हमें अंत में विकेट नहीं खोने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी गेंदबाजों पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं




रोहित शर्मा ने कहा कि हम सभी जानते थे कि हम लंबे समय के बाद इस फॉर्मेट में खेल रहे हैं। फिर भी शुरुआत से ही हमने उम्मीद के मुताबिक खेला। उन्होंने अच्छी शुरुआत की, लेकिन जिस तरह से हमने वापसी की, वह शानदार थी। हम मध्य में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज को चाहते थे। हम जानते हैं कि वे गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाजों की ओर वापस घुमाएंगे, इसलिए हम एक बाएं हाथ के बल्लेबाज को चाहते थे।

उन्होंने कहा कि गिल और अक्षर ने मध्य में शानदार बल्लेबाजी की। वहीं, उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को लेकर कहा कि मैं बस यही चाहता हूं कि हम जितना संभव हो सके उतना सही काम करते रहें। यह लंबा फॉर्मेट है, आपके पास वापसी करने का मौका होता है। जब आपसे चीजें थोड़ी दूर जाने लगती हैं तो इसके मायने ये नहीं कि चीजें आपसे दूर होती रहेंगी।

# एशियन लीजेंड लीग इंडिया 2025 नाथद्वारा स्टेडियम में होगा रोमांचक टी-20 टूर्नामेंट

**नाथद्वारा.**

नाथद्वारा स्टेडियम में एशिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी चौक-छक्के लगाते नजर आएंगे। मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर में एशियन लीजेंड लीग इंडिया 2025 का आयोजन 10 से 18 मार्च तक किया जाएगा। गुरुवार को इस रोमांचक टी-20 टूर्नामेंट की घोषणा की गई। इस लीग में भारत, श्रीलंका, बाग्लादेश, नेपाल, कतर, यूएई और अफगानिस्तान के दिग्गज क्रिकेट सितारे फिर से खेलते नजर आएंगे। मिराज ग्रुप के वाइस चेयरमैन मंत्रराज पालीवाल ने बताया कि यह पहला अवसर होगा जब इस तरह का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट श्रीनाथजी की नगरी में होगा। लीग की ओपनिंग नाइट यादगार होगी। इसमें कई बॉलीवुड सितारे, सिंगर्स और एक्टर्स मौजूद रहेंगे और प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार एमपीएमएससी के लक्ष्मण



दीवान, लीग के सीईओ महावीर प्रसाद शर्मा, ईएमसीएल फाउंडर और लीग आयोजक रवि कुमार यादव ने कई जानकारियां साझा की। अभी तक 150 से अधिक पूर्व खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जयपुर में 15 फरवरी को खिलाड़ियों का ऑक्शन होगा। 16 फरवरी को टीम की घोषणा की जाएगी। रजिस्ट्रेशन अधिक होने पर पांचवी टीम और बनानी पड़ रही है।कैच पकड़ने वाले को पांच लाख का इनाम, फ्री पास भी देंगे लीग आयोजक रवि कुमार यादव ने बताया कि इस लीग के लिए 12 हजार फ्री पास दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसमें 200 और 500 रुपए का टिकट रखा जाएगा। साथ ही मैच के दौरान कैच पकड़ने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। नाथद्वारा क्षेत्र में चार वैन चलाई जाएगी। इसमें लोगों से प्रश्न पूछकर उन्हें प्रतिदिन प्रतिवैन 100-100 पास फ्री दिए जाएंगे। यह पूरे माह चलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य आमजन को इंटरनेशल क्रिकेट दिखाना है। इसमें सिर्फ जो इंटरनेशनल खेल चुके हैं वहीं खिलाड़ी भाग खेलेंगे। भारत के पूर्व ऑल राउंडर इरफान पठान इंडियन रॉयल्स के आइकॉन प्लेयर के तौर पर खेलेंगे। श्रीलंका लायंस ने ऑलराउंडर थिसारा परेरा को अपने साथ जोड़ा है। अफगानिस्तान पठान्स के लिए अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान, बांग्लादेश टाइगर्स के लिए मोहम्मद अशरफुल और एशियाई स्टार्स के लिए आइकॉन प्लेयर अब्दुल शाकूर शामिल रहेंगे।

# एजी मध्य प्रदेश बना चैंपियन, एजी गुजरात रहा उपविजेता

**नागपुर.**

भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग (आईएएंडएडी) पश्चिम क्षेत्र फुटबॉल टूर्नामेंट, 2025 का आयोजन महालेखाकार (लेखा परीक्षा) II, महाराष्ट्र, नागपुर के कार्यालय द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट में एजी मध्य प्रदेश ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि एजी गुजरात उपविजेता रहा। मेजबान एजी महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा, जो बेहतर गोल अंतर के आधार पर तय हुआ।

आंकड़ों के हिसाब से तीनों टीमों ने 3 जीत और एक हार के साथ 9 अंक प्राप्त किए, लेकिन गोल अंतर के कारण एजी मध्य प्रदेश ने चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। एजी राजस्थान 6 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा, जबकि एजी छत्तीसगढ़ को कोई अंक नहीं मिल पाया।




आज खेले गए मैचों में एजी महाराष्ट्र ने एजी गुजरात को 2-0 से हराया और एजी मध्य प्रदेश ने एजी राजस्थान को 5-0 से हराया। एजी महाराष्ट्र को एजी गुजरात के खिलाफ गोल अंतर से 8 गोल की आवश्यकता थी, लेकिन वे 2-0 से ही जीत पाए। एजी महाराष्ट्र के सुमित पुंडीर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

एजी मध्य प्रदेश और एजी राजस्थान के बीच हुए मैच में एजी मध्य प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-0 से जीत हासिल की। इस मैच के दौरान अभिषेक रट्टू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। समारोह में पुरस्कार वितरण के दौरान सुश्री जया भगत, आईएएस, प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), महाराष्ट्र ने विजेता टीम एजी मध्य प्रदेश को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। वहीं, श्री दत्ताप्रसाद शिरसाट, आईएएस, महालेखाकार (लेखा परीक्षा), नागपुर ने एजी गुजरात को रनर अप ट्रॉफी प्रदान की। इस टूर्नामेंट में विभिन्न विभागीय रेफरियों और चयनकर्ताओं ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टूर्नामेंट का आयोजन सुचारू रूप से हुआ और इसमें सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस सफलता के साथ, एजी मध्य प्रदेश और एजी गुजरात दोनों ही 11 से 14 मार्च 2025 तक शिलांग, मेघालय में आयोजित होने वाले अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं, जहां वे अन्य क्षेत्रों के विजेताओं और उपविजेताओं से मुकाबला करेंगे।

# बीबीएल में नए नियमों का प्रस्ताव

**नई दिल्ली.**

क्रिकेट एक ऐसा खेल है, जो कई नियमों से चलता है. रन बनाने के कई नियम, फीलि्डंग के कई नियम, आउट करने के अलग-अलग नियम. और भी कई तरह के नियम कानून इस सालों पुराने खेल का हिस्सा हैं. मगर अक्सर इसमें कुछ नए नियम शामिल होते रहते हैं, जिससे खेल को रोमांचक और आकर्षक बनाया जा सके. खास तौर पर टी20 क्रिकेट के आने के बाद से तो ऐसे बदलावों की झड़ी लग गई है. अब अगर इसमें वाइड बॉल पर फ्री हिट देना और बल्लेबाज का पहली गेंद पर आउट न होना जैसे नियम आ जाएंगे, तो तहलका मचना तय है. अब सवाल है कि क्या ऐसा हो रहा है? स सवाल का जवाब दें, उससे पहले थोड़ा क्रिकेट के बेसिक नियमों की बात कर लेते हैं. क्रिकेट मैच में वाइड गेंद का बड़ा रोल होता है. जब भी कोई गेंदबाज वाइड डालता है तो उसके बदले बल्लेबाजी टीम को 1 अतिरिक्त रन मिलता है, जबकि गेंदबाज को एक और बॉल डालनी पड़ती है. हालांकि वाइड बॉल पर बल्लेबाज रन आउट भी हो सकता है और स्टंप आउट भी हो सकता है.



वहीं अगर कोई नया बल्लेबाज बैटिंग के लिए आता है तो वो पहली बॉल पर भी आउट हो सकता है, बशर्ते गेंद नो-बॉल न हो. वैसे नो-बॉल में भी रन आउट संभव है. यानि बल्लेबाज को ऐसी कोई राहत नहीं है.

असल में हाल ही में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने अवॉर्ड्स शो का आयोजन किया था, जिसमें साल के बेस्ट क्रिकेटरों को सम्मानित किया गया. इस शो के दौरान ही खिलाड़ियों से जब सवाल पूछा गया कि वो अगर बिग बैश लीग में कोई नए नियम लेकर आने हों तो वो क्या चाहेंगे? इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया के उभरते हुए विस्फोटक ओपनर जेक फ्रेजर मैक्गर्क ने ख्वाहिश जताई कि हर वाइड बॉल पर एक फ्री हिट मिले, जैसे हर नो-बॉल पर दी जाती है.

सिर्फ मैक्गर्क ने ही ऐसी मजेदार ख्वाहिश नहीं जताई, बल्कि अवॉर्ड्स में साल की बेस्ट महिला क्रिकेटर चुनी गईं एनाबेल सदरलैंड ने तो साफ-साफ मांग कर दी कि किसी भी बल्लेबाज को पहली ही बॉल पर आउट नहीं दिया जाना चाहिए. इस नियम पर उन्हें टीम की उप-कप्तान टाहलिया मैक्ग्रा का भी पूरा समर्थन मिला. वहीं टीम की युवा बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड भी इस मामले में पीछे नहीं रहीं और सुझाव दिया कि हर बल्लेबाज को पहली बॉल पर फ्री-हिट मिलनी चाहिए. अब ये नियम बीबीएल में आएंगे ये कहना तो मुश्किल है लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अपने इस टूर्नामेंट को आकर्षक और मजेदार बनाने के लिए हमेशा कुछ न कुछ नया करता रहता है.

# रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर सवाल

**नई दिल्ली.**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली बीते लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगर दोनों खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और उसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में दोनों के भविष्य को लेकर फैसला लिया जा सकता है. बीसीसीआई ने चयनकर्ताओं के अध्यक्ष अजीत अगरकर और टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर को टीम की बेहतरी के लिए कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र होने के संकेत दिए है. इसके अलावा रिपोर्ट में यह भी दावा है कि अगर रोहित शर्मा संन्यास लेते हैं या उन्हें बाहर रहना पड़ता है तो ऐसी स्थिति में उनकी जगह कौन कप्तान होगा, इसको लेकर सवाल है. सूर्यकुमार यादव




अभी टी20 टीम की अगुवाई करते हैं. जबकि वनडे के लिए शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है. वहीं रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में जसप्रीत बुमराह ने पिछले कुछ मौकों पर टेस्ट टीम की बागडोर संभाली है. ऐसे में लगता है कि यही खिलाड़ी रोहित की अनुपस्थिति में या फिर उनके संन्यास के बाद कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे, लेकिन रिपोर्ट में दावा है कि कोच गौतम गंभीर के प्लान अलग हैं.भारत के अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 वर्ल्ड कप से पहले हार्दिक पांड्या रोहित की अनुपस्थिति में टीम इंडिया की अगुवाई करते थे. लेकिन टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम मैनेजमेंट ने रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद हार्दिक को नहीं बल्कि सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम की कमान सौंपी. वहीं वनडे में भी हार्दिक को इग्नोर किया गया. इसके अलावा हाल ही में टी20 में हार्दिक को उपकप्तान के लिए उपयुक्त नहीं समझा गया.

रिपोर्ट के अनुसार, "कप्तान बनने के बाद सूर्य का भी प्रदर्शन खराब रहा है. ऐसे में हार्दिक फिर से टी-20 में भी कप्तान के तौर पर वापसी कर सकते हैं. भारतीय टेस्ट व वनडे टीम के भविष्य के कप्तान को लेकर भी चर्चा हुई थी. रिपोर्ट के अनुसार, उस समीक्षा बैठक से जो निचोड़ निकला था उससे ये पता चलता है कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का प्रदर्शन खराब रहता है तो आईपीएल के बाद होने वाले पांच टेस्ट के इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम नए कप्तान के साथ जाएगी.

# भारत की बाएं हाथ वाली टीम इंडिया: क्या हो सकती है उसकी ताकत?

**नई दिल्ली.**

टीम इंडिया को वर्ल्ड क्रिकेट की सबसे दमदार टीम के तौर पर आंका जाता है. ऐसा होने के पीछे की वजह होती है उसकी वो प्लेइंग XI, जिसमें एक से बढ़कर एक धुरंधर खिलाड़ी भरे होते हैं. लेकिन, जरा सोचिए कि टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में दाएं हाथ का कोई खिलाड़ी हो ही नहीं. मतलब सारे खिलाड़ी उल्टे हाथ वाले यानी बाएं हाथ के हों. अगर ऐसा हुआ तो टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन की सूरत कैसी होगी? क्या वो तब भी ताकतवर दिखेगी? क्या उल्टे हाथ वाली टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में अपने विरोधियों को धूल चटाने का दमखम होगा? इन सारे सवालों का जवाब तभी मिलता दिख सकता है जब हम उल्टे हाथ वाली उस भारतीय प्लेइंग इलेवन को सांचे में ढाल लें.

हमने भारत के बाएं हाथ के 11 उन खिलाड़ियों को चुनकर टीम इंडिया प्लेइंग इलेवन तैयार की है, जो अभी भी किसी ना किसी फॉर्मेट में खेल रहे हैं. हमने इनका कॉम्बिनेशन भी वैसे ही बनाने



की कोशिश की है, जैसा इंटरनेशनल क्रिकेट में होता है. इस प्लेइंग इलेवन में ओपनर्स मिलाकर 5 स्पेशलिस्ट बल्लेबाज हैं, 2 स्पिन ऑलराउंडर हैं, एक स्पेशलिस्ट स्पिनर जबकि 2 बाएं हाथ के स्पेशलिस्ट तेज गेंदबाज हैं. इनके अलावा एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं. तो आइए जानते हैं उल्टे हाथ वाली टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में शामिल खिलाड़ियों के नाम.

यशस्वी और अभिषेक दोनों ही तेजी से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं. दोनों ही ओपनर हैं. और, इस रोल में ये क्या कर सकते हैं ये बताने की जरूरत नहीं. ऐसे में टीम इंडिया की बुनियाद रखने को उल्टे हाथ वाली भारतीय प्लेइंग इलेवन में इन दोनों से बेहतर विकल्प कोई नहीं हो सकता.

ओपनर्स जो शुरुआत दिलाएंगे उसे मुकाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी तिलक वर्मा, इशान किशन, ऋषभ पंत और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाजों पर होगी. उल्टे हाथ की भारतीय प्लेइंग इलेवन में मौजूद ये खिलाड़ी किसी भी बॉलिंग लाइन-अप की धज्जियां उड़ा सकते हैं. तिलक वर्मा को मुश्किल हालातों से डील करना आता है. इशान किशन को बड़ी पारियों से प्रेम है. ऋषभ पंत की विकेटकीपिंग के साथ उनकी पटाका बल्लेबाजी बोनस है. तो वहीं रिंकू सिंह मैच फीनिश करने में माहिर हैं.उल्टे हाथ वाली टीम इंडिया में मौजूद अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा बतौर स्पिन ऑलराउंडर उसकी ताकत को और बढ़ाते हैं. दोनों तेज बल्लेबाजी तो करते ही हैं. विकेट टू विकेट गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजी को टेंशन में भी डालने में माहिर हैं.आखिर में बचती हैं गेंदबाजी लाइन-अप. और, यहां स्पेशलिस्ट स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव हैं. तो वहीं रफ्तार से वार करने को तैयार अर्शदीप सिंह और खलील अहमद. बड़ी बात ये है कि इन सबमें किसी भी पिच पर विकेट निकालने की क्षमता है.


# महाकुंभ जा रहे 8 युवाओं की सड़क हादसे में मौत

> 5 दोस्तों की एक साथ जली चिताएं
> रो पड़ा पूरा गांव

**भीलवाड़ा.**

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 8 युवा दोस्त एक कार में सवार होकर महाकुंभ स्नान करने जा रहे थे। इसी दौरान गुरुवार को जयपुर के दूदू में हुए सड़क हादसे में सभी की मौत हो गई। मृतकों के शवों का शुक्रवार को पैतृक गांव बडलियास, फलासिया और मुकुंदपुरिया में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। आज जब बडलियास गांव के मोक्ष धाम में एक साथ 5 चिताएं जली, तो हर किसी की आंखें नम हो गई।

**सभी ने मौके पर ही तोड़ा दम :** गुरुवार सुबह 8 दोस्त एक ईको कार में सवार होकर महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुए थे लेकिन बीच रास्ते में ही बस की टक्कर से कार सवार सभी दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। दूदू उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शुक्रवार सुबह सभी मतृकों के शव मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में उनके पैतृक गांव बडलियास, फलासिया व मुकंदपुरिया लाए गए। इनमें से पांच मृतक युवा दिनेश, नारायण, रविकांत, किशनलाल और मुकेश बडलियास गांव के रहने वाले थे। वहीं दो मृतक फलासिया और एक



मृतक मुकुंदपुरिया गांव का रहने वाला था। इन सभी के शव पैतृक गांव लाए गए और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। एकाएक हुए हादसे के बाद जब बडलियास गांव के पांचों युवा दोस्तों के शव एक साथ पहुंचे तो सभी गांववालों की आंखें नम हो गई। हजारों लोगों की मौजूदगी में मोक्ष धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बडलियास कस्बा रहा बंद

पांच युवाओं की मौत होने के कारण बडलियास कस्बा पूरी तरह बंद रहा। कस्बे वासियों ने बाजार बंद रखकर अंतिम संस्कार में भाग लिया। कस्बे में एक भी चूल्हा भी नहीं जला।

**कलेक्टर ने दी सांत्वना :** भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू बडलियास गांव के मोक्षधाम में पहुंचे जहां उन्होंने पांचों मतृकों की अंत्येष्टि में शामिल होने के बाद उनके परिवार वालों को सांत्वना दी। इस दौरान कलेक्टर ने राज्य सरकार की ओर से जल्द उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन भी दिया।


# प्रयागराज जिले में 12 फरवरी तक नहीं खुलेंगे कोई भी स्कूल

**प्रयागराज.**

प्रयागराज के महाकुंभ में माघ पूर्णिमा से पहले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर में मेले में भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में समस्त बोर्ड के सभी माध्यमिक स्कूलों की कक्षाएं शुक्रवार (7 फरवरी) से 12 फरवरी (माघ पूर्णिमा) तक ऑनलाइन तरीके से संचालित होंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

7 से 12 फरवरी तक चलेंगी ऑनलाइन कक्षाएं

प्रयागराज जिलाधिकारी की ओर से जिला स्कूल निरीक्षक को जारी आदेश के मुताबिक, विद्यार्थियों के आवागमन में असुविधा और छात्र हित में 7 फरवरी से 12 फरवरी तक समस्त बोर्ड के माध्यमिक स्कूलों की कक्षाएं ऑनलाइन तरीके से संचालित होंगी।




**टीचरों को स्कूल जाने का निर्देश :** आदेश के मुताबिक, सभी छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं जारी रहेंगी और सभी टीचर समय के अनुसार स्कूल पहुंचकर वर्तमान में जारी प्रयोगात्मक परीक्षा और गृह परीक्षा निर्धारित समय के अनुसार संपादित कराएंगे।

**महाकुंभ में भीड़ को देखते हुए लिया गया फैसला :** बता दें कि गुरुवार को शाम आठ बजे तक 77.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया और 13 जनवरी से अब तक महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। प्रयागराज में महाकुंभ मेले को लेकर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।


# महिला ने ठेकेदार के नाम कर दी सरपंची

> 500 रुपये के स्टांप पर लिखा- 'जहां कहेंगे वहां साइन करूंगी'

**नीमच.**

मध्य प्रदेश के नीमच में दाता ग्राम पंचायत की सरपंच कैलाशीबाई कछावा ने अपनी सरपंची ठेकेदार के नाम कर दी है। वसीयत की तरह 500 रुपये के स्टांप में सरपंच ने अपने सारे अधिकार ठेकेदार को देने की बात कही है। स्टांप में यह भी लिखा है कि महिला अपने काम पूरे नहीं कर पा रही है। इसी वजह से वह सरपंच के अधिकार ठेकेदार को दे रही है। देश में पहली बार ऐसा हुआ है, जब जमीन जायदाद की तरह सरपंची ट्रांसफर की गई है।

सरपंच कैलाशीबाई ने गांव के ही सुरेश गरासिया के साथ 24 जनवरी को अनुबंध किया था और अपनी सरपंची उसे सौंप दी थी। हालांकि, महिला के पति का कहना है कि यह अनुबंध धोखा देकर किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी कैलाशीबाई



पढ़ी-लिखी नहीं है। ठेकेदार ने सरपंच के पति के नशीला पदार्थ पिलाया था। इसके बाद उसकी पत्नी को हस्ताक्षर करने के लिए कहा।

**स्टांप में गवाहों की साइन ;** 500 रुपये के स्टांप में जो अनुबंध किया गया है, उसमें गवाह के बतौर गांव के सदाराम, मन्नालाल और सुरेश के हस्ताक्षर के साथ सरपंच की सील और हस्ताक्षर हैं। अनुबंध में लिखा है कि मनरेगा, पीएम आवास, वाटरशेड सहित शासन के सभी काम सुरेश ही देखेंगे। अगर अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन होता है तो सरपंच चार गुना हर्जाना भी भरेंगी। हालांकि, अब कोई भी पक्ष इस अनुबंध को स्वीकार नहीं कर रहा है। सरपंच के पति ने नशे में हस्ताक्षर कराने की बात कही तो जिला पंचायत, सीईओ अमन वैष्णव ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। ऐसा हुआ है तो सरपंच को पद से हटा देंगे। वहीं, ठेकेदार सुरेश गरासिया का कहना है कि उसने कोई अनुबंध नहीं किया है। वह ठेकेदार है और सात पंचायतों में ठेकेदारी करता है।

**अनुबंध में स्वीकृति का भी जिक्र :** अनुबंध में यह भी कहा गया है कि ठेकेदार के सरपंच वाला काम करने से किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। ऐसा होने पर पूरी जिम्मेदारी सरपंच की होगी। सरपंच ने यह भी वादा किया है कि वह जब तक सरपंच हैं तब तक के लिए अनुबंध मान्य है। वह इसे स्वीकार करने में कोई आनाकानी नहीं करेंगी। हमेशा ठेकेदार के कहने पर हस्ताक्षर करेंगी। अनुबंध में यह भी लिखा है कि इसे दोनों पक्ष राजी खुशी के साथ पूरे होशो हवास में अपनी सहमती एवं स्वीकृती से पढ़कर, सुनकर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

# बिहार में होगी शरद पवार की एंट्री

**बिहार.**

पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार बिहार आ रहे हैं. करीब 20 साल के बाद यह पहला मौका होगा, जब शरद पवार के बिहार आने की योजना बनी है. अंतर यह है कि बीस साल पहले जब शरद पवार बिहार आए थे, तब उनकी पार्टी टूटी नहीं थी, लेकिन इस बार जब वह बिहार आएंगे, तब उनकी पार्टी टूट चुकी है और राजधानी में उनका दफ्तर भी बंद हो गया है. शरद पवार की पार्टी इस बार बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं. दरअसल, शरद पवार की पार्टी का बिहार में वजूद रहा है. 2014 लोकसभा चुनाव में कटिहार से जब तारिक अनवर सांसद चुने गए थे तो उस वक्त वह शरद पवार की पार्टी के ही वरिष्ठ नेता थे. हालांकि तब यह भी कहा जा रहा था कि तारिक अनवर की जीत, शरद पवार की पार्टी की जीत नहीं बल्कि तारिक अनवर की



अपनी पहचान पर मिली है. शरद पवार की पार्टी बिहार में न केवल विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है बल्कि कार्यकर्ता सम्मेलन को भी आयोजित करने की तैयारी में है. हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि शरद पवार इंडिया गठबंधन में बिहार विधानसभा चुनाव को लडेंगे या फिर अलग हो कर के. पार्टी की बिहार ईकाई ने चुनाव लड़ने का फैसला आला कमान पर छोड़ रखा है.

**फरवरी माह बिहार के लिए अहम :** बिहार में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं. देश की तमाम सियासी पार्टियों की नजर बिहार पर टिकी हुई है. क्योंकि बिहार की राजनीति और बिहार के चुनाव पर पूरे देश और दुनिया की नज़रें टिकी रहती हैं. फरवरी माह बिहार की राजनीति के लिए बहुत बड़ा और अहम महीना साबित होने जा रहा है. इस माह में एक तरफ जहां कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार का दौरा कर चुके हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 24 फरवरी को भागलपुर आएंगे. इसके तीन दिन बाद शरद पवार भी बिहार आएंगे. इस दौरान वह पूर्णिया के साथ कभी अपने गढ़ रहे कटिहार जिले में भी जाएंगे.

**इंडिया गठबंधन के लिए अग्नि परीक्षा! :** शरद पवार की पार्टी बिहार में अगर अकेले चुनाव लड़ना तय करती है तो यह महागठबंधन के लिए अग्नि परीक्षा का वक्त होगा. क्योंकि शरद पवार की पार्टी इंडिया गठबंधन की एक अहम घटक दल है. इंडिया गठबंधन के गठन होने के बाद जितने भी चुनाव हुए हैं, उसमें शरद पवार गुट ने इंडिया गठबंधन के बैनर तले अपना चुनाव लड़ा है. हाल ही में महाराष्ट्र में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में एनसीपी शरद पवार गुट ने इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लडा था. इतना ही नहीं, इंडिया गठबंधन की जितनी बैठकें हुईं, उनमें शरद पवार की अहम भूमिका रही. ऐसे में अगर वह बिहार में अकेले लड़ने का फैसला करते हैं तो यह इंडिया गठबंधन के लिए एक झटका साबित हो सकता है. हालांकि यह अभी वक्त और शरद पवार पर निर्भर है कि वह क्या निर्णय लेते हैं?

**सुप्रिया सुले भी रहेंगी साथ :** मिली जानकारी के अनुसार अपने बिहार दौरे में शरद पवार अकेले नहीं आएंगे बल्कि उनके साथ उनकी बेटी और एनसीपी शरद चंद्र पवार गुट की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले भी होंगी. इसके अलावा पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता भी शरद पवार के साथ आ सकते हैं. बता दें कि 20 साल पहले वर्ष 2005 में अंतिम बार शरद पवार पूर्णिया आए थे, तब उन्होंने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक सभा को संबोधित किया था.

# आतंकवाद से कनेक्शन के आरोपी ने जहर खाकर दी जान

**कठुआ.**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवाद में शामिल होने के आरोपी 26 वर्षीय एक व्यक्ति ने पुलिस द्वारा कथित तौर पर परेशान किये जाने के बाद आत्महत्या कर ली। बटोडी गांव के 26 वर्षीय निवासी माखन की मौत के बाद पुलिस और प्रशासन ने घटना की अलग-अलग जांच के आदेश दिए हैं। एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें माखन खुद को निर्दोष बताते हुए कह रहा है कि उसका आतंकवादियों से कभी कोई संबंध नहीं रहा है।

**परिवार ने लगाया ये आरोप :** जिले के बिलावर इलाके में बुधवार रात कथित तौर पर जहर खाने से माखन की मौत हो गई। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि माखन और उसके पिता को स्थानीय पुलिस ने उठा लिया था और आतंकवादियों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उन पर अत्याचार किया, जिसके कारण उन्हें आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा।



**मजिस्ट्रेट जांच के आदेश :** घटना को गंभीरता से लेते हुए कठुआ के जिला मजिस्ट्रेट ने मुरीद के बेटे माखन की मौत की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने एक आदेश में कहा, "मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच की आवश्यकता है।" गुरुवार को जारी आदेश के अनुसार, मामले की जांच के लिए लोहाई मल्हार के तहसीलदार अनिल कुमार को जांच मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है और उन्हें पांच दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने डिआईजी के नेतृत्व में मामले की समयबद्ध जांच के भी आदेश दिए हैं।

**विधायक रामेश्वर सिंह ने की न्याय की मांग :** इस बीच बानी से विधायक रामेश्वर सिंह मृतक के परिवार के समर्थन में आए और उसके लिए न्याय की मांग की। सिंह ने कहा, "जब तक परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, शव को यहां से नहीं हटाया जाएगा। मैं उनके साथ खड़ा हूं। मैं उसे जीवित नहीं कर सकता, लेकिन न्याय मिलने तक लड़ता रहूंगा।"

# नीतीश का मिशन विकास



**जमुई.**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐलान किया है कि जमुई जिले में लोगों की मांगें पूरी करने की हर संभव कोशिश की जा रही हैं. उन्होंने कहा कि जमुई जिला का अपना सांस्कृतिक इतिहास है, इसका संरक्षण और विकास जरूरी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसी के साथ वादा किया कि जिले के विकास कार्यों में अब तक जो कुछ भी छूट गया है या कमी रह गयी है, उसे जल्द पूरा किया जाएगा.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जमुई जिले के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार की तरफ से कई घोषणाएं की गई हैं. उन्होंने कहा कि अपर किउल जलाशय योजना का विस्तारीकरण और इससे निकलने वाली नहरों का पक्कीकरण किया जाएगा. इससे स्थानीय किसानों को सिंचाई में सुविधा होगी.

**जमुई में ईको पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा :** जल संसाधन विभाग की ओर से घोषणा की गई है कि गरही डैम का Eco-Tourism के दृष्टिकोण से विकास किया जायेगा. इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा. वहीं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने कहा कि गरही से लछुआर जाने वाली सड़क पर किउल नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा. इससे लछुआर जाने वाले पर्यटकों को काफी सुविधा होगी. ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से ऐलान किया गया है कि गिद्धौर स्टेडियम का पुनर्निर्माण किया जायेगा. गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में पूर्व से निर्मित स्टेडियम काफी पुराना एवं सुविधाविहीन है, जिसके पुनर्निर्माण से युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा.खेल विभाग की तरफ से जमुई प्रखंड मुख्यालय से सटे पतनेश्वर धाम को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित एवं सौन्दर्यीकरण किया जाएगा. इससे पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को सुविधा होगी.

**गांव गांव में सड़क और पुल का निर्माण :** पर्यटन विभाग ने घोषणा की है कि जमुई के हरनारायणपुर चौरा पथ से सिकेरिया गांव तक सड़क एवं पुल बनाया जाएगा. इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी. ग्रामीण कार्य विभाग बरहट प्रखंड के डाढ़ा पंचायत में नकटी नदी पर दुर्गा मंदिर से पमैया तक पुल का निर्माण करेगा.इससे लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी.

ग्रामीण कार्य विभाग बरनार जलाशय योजना की पुनः समीक्षा कर नये सिरे योजना के क्रियान्वयन की कार्रवाई करने जा रहा है. यह योजना लगभग 50 साल से लंबित है. इससे स्थानीय किसानों को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध होगी.जल संसाधन विभाग की ओर से घोषणा की गई है कि जमुई जिले के चकाई में महाविद्यालय (डिग्री कॉलेज) की स्थापना की जायेगी. इससे छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा.

# भूकंप के सैकड़ों झटकों से हिला ग्रीस देश

**एथेंस.**

ग्रीस का रिसॉर्ट द्वीप सेंटोरिनी को भूकंप के झटकों ने झकझोर कर रख दिया है। हालात ऐसे हुए कि सरकार को वहां इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। इस रिसॉर्ट द्वीप पर पिछले पिछले एक सप्ताह में सैकड़ों भूकंप आए। भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत फैल गई। ग्रीस सरकार ने 5.2 की तीव्रता वाला बड़ा भूकंप का झटका महसूस होने के बाद इमरजेंसी घोषित की है। नागरिक सुरक्षा मंत्रालय की इस घोषणा से अधिकारियों को राज्य के संसाधनों तक तेजी से पहुंच मिलेगी।

31 जनवरी से ही ग्रीस का सेंटोरिनी द्वीप भूकंप के झटकों की मार झेल रहा है। भूकंप की गतिविधियां दिन ब दिन बढ़ती चली गईं। इसके बाद बुधवार देर रात यहां 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। लगातार हो रही भूकंपीय गतिविधियों से लोग परेशान हो उठे। अंत में सरकार ने इमरजेंसी घोषित कर दी। सरकार के प्रवक्ता पावलोस मारिनकिस ने पुष्टि की



कि द्वीप की सहायता के लिए पहले से ही कई इमरजेंसी सर्विस जुटाई गई हैं।

**दहशत में लोग, बड़ी संख्या में पलायन :** उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग, पुलिस, तट रक्षक, सशस्त्र बल और इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज ने अतिरिक्त कर्मियों और विशेष उपकरणों के साथ सेंटोरिनी और आसपास के द्वीपों तक तुरंत मदद पहुंचाई गई। कम से कम नुकसान होने के बावजूद, भूकंप के झटकों से परेशान होकर लोग इस द्वीप से पलायन कर रहे हैं। पलायन करनेवालों में अधिकांश लोग बोट द्वारा ग्रीक की मुख्य भूमि पर चले गए हैं।

**लगातार झटके किसी बड़े भूकंप का संकेत तो नहीं? :** विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार भूकंप के झटके एजियन सागर में ज्वालामुखी गतिविधि से संबंधित नहीं है। विशेषज्ञों ने यह कहने में फिलहाल असमर्थता जताई है कि लगातार आ रहे भूकंप के झटके कहीं अधिक शक्तिशाली भूकंप का कारण तो नहीं बन सकते। विशेषज्ञों का कहना है कि वे हालात पर पूरी नजर रखे हुए हैं। इस भूकंप का केंद्र सेंटोरिनी, अनाफी, अमोरगोस और आईओएस के द्वीपों के बीच है। द्वीप के ऑर्थोडॉक्स चर्च ने निवासियों से मुसीबत के वक्त एक-दूसरे की सहायता करने का आग्रह किया है।

# खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सेना का बड़ा एक्शन

> 12 आतंकियों को किया ढेर

**पेशावर.**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में 12 आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा के अनुसार, यह अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल इलाके में पांच-छह फरवरी की दरमियानी रात को चलाया गया जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की भी जान चली गई है। बयान में कहा गया कि इलाके में आंतकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी जिसके आधार पर अभियान को अंजाम दिया गया।



**हथियार और गोला-बारूद बरामद :** बयान में यह भी कहा गया कि अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकवादी ठिकानों को पुख्ता तरीके से निशाना बनाया और 12 आतंकवादियों को मार गिराया। इसमें कहा गया कि आतंकवादियों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं और ये आतंकी सुरक्षाबलों के साथ-साथ नागरिकों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे।

# उत्सव के बीच हाथी का उत्पात, महावत को कुचलकर मार डाला

**पालक्काड.**

केरला के पालक्काड के कुट्टनाड इलाके में एक हाथी ने अचानक लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में हाथी के महावत कुंजुमोन की मौत हो गई। दरअसल पालक्काड के कुट्टनाड में एक मंदिर में एक वर्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था। गुरुवार रात करीब 10 बजकर 45 मिनिट पर, ये सजा धजा हाथी अचानक भड़क गया। इस हाथी के महावत कुंजू मोन ने उसे कंट्रोल करने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

हाथी ने पहले महावत को कुचल दिया। उसके बाद मंदिर के आसपास बनी दुकानों और वहां पर खड़े वहनों को भी भारी नुकसान पहुंचाया। हालांकि काफी देर की मशक्कत



के बाद किसी तरह हाथी को काबू में कर लिया गया, लेकिन अस्पताल ले जाने के बाद महावत कुंजूमोन की मौत हो गयी, पुलिस ने ममला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 2 'बलात्कारी' युवकों को ग्रामीणों ने किया गंजा

**नूंह.**

हरियाणा के नूंह जिले में कुछ ग्रामीणों ने 2 युवकों का सिर मुंडवा कर उनको गंजा कर दिया और उनसे मारपीट की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक लड़की ने युवकों पर अगवा करने और उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया था। लड़की ने कहा था कि आरोपियों ने उसकी न्यूड तस्वीरें भी ली थीं। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि नूंह में ग्रामीणों ने 2 युवकों का सिर मुंडवा दिया। उसने बताया कि बाद में दोनों युवकों को एक लड़की का अपहरण करने और फिर उसके साथ रेप करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।




**घर में अपनी मां के साथ सो रही थी, तभी...':** स्थानीय लोगों ने घटना के बारे में बात करते हुए कहा कि नूंह जिले के चिलावली गांव के मूल निवासी इरफान और फरदीन अक्सर पास के गांव की लड़कियों को परेशान करते थे। वहीं, पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, बुधवार की सुबह जब वह अपने घर में अपनी मां के साथ सो रही थी, तब दोनों ने उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में लिखा है, 'इरफान और फरदीन मेरे घर में घुसे। उन्होंने चाकू की नोंक पर मुझे अगवा किया और एक जगह ले गए, जहां उन्होंने मेरे साथ रेप किया।'

**दोनों ने नग्न अवस्था में तस्वीरें भी खींचीं':** लड़की ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि दोनों ने नग्न अवस्था में उसकी तस्वीरें भी खींचीं और उसका वीडियो भी बनाया। पुलिस ने बताया कि इरफान और फरदीन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके पहले कथित रेप की वारदात से गुस्साए कुछ ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और उनके सिर मुंडवाकर पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों इरफान और फरदीन का वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया।

# महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के खिलाफ 'ऑपरेशन टाइगर'

**मुंबई.**

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना में बड़ी फूट पड़ सकती है। उद्धव की सेना के कई विधायक, सांसद और पूर्व विधायक पार्टी छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना से हाथ मिला सकते हैं। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दावा किया है कि उद्धव ठाकरे के कई विधायक, सांसद, पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन टाइगर' 3 महीने के अंदर सफल होगा।

**जल्द ही उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ेंगे कई विधायक:** उदय सावंत ने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में जो काम हुआ है उससे लोगों को यह महसूस हो गया है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में काम करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अगले तीन महीने में जो पूर्व विधायक उद्धव ठाकरे के पार्टी में हैं वे जल्द ही



उद्धव ठाकरे के नेतृत्व छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व को अपना लेंगे। क्या एकनाथ शिंदे नाराज चल रहे हैं इसका उत्तर देते हुए महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री ने कहा कि एकनाथ शिंदे नाराज हैं कि नहीं हैं उस पर विपक्ष को एनालिसिस करने के बजाय जो लोग मुख्यमंत्री बनने जा रहे थे, उनका हाल क्या है, वह सोचना चाहिए। एकनाथ शिंदे सीएम की मीटिंग में क्यों शामिल नहीं हुए था खुलासा खुद सीएम ने कर दिया है।